CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 63 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 23 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## प्रत्येक विद्यार्थी को सुविधा युक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

### केंद्र सरकार ने प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के जर्जर भवन की मरम्मत के लिए 300 करोड रुपए मंजूर किए, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सहायता राशि के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में प्राथमिक स्कूलों के जर्जर भवन की मरम्मत और अन्य सुधार कार्यों के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने 300 करोड रुपए की मंजूरी प्रदान की है केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस सहायता राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गहरा आभार जताया है और कहा है कि इस सहायता राशि से प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के आधारभूत ढांचे को मजबूती प्रदान करने में काफी सहायता मिलेगी उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक छात्र को सुविधा युक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने को लेकर प्रतिबद्ध है इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि केंद्र से मिलने वाली इस सहायता राशि से प्रदेश के स्कूलों के जर्जर भवन को सुधर जाएगा प्रदेश सरकार अपने स्तर पर भी प्रदेश में सभी जिलों में स्कूलों



के जर्जर भवन की मरम्मत और अन्य विकास कार्य करवा रही है जिससे स्कूलों में छात्रों को एक स्वच्छ और अच्छा वातावरण देखने को मिलेगा जिसकी वजह से छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से भी पढ़ने के लिए पूरी तरह से मजबूत और तैयार होंगे जिससे उनका भविष्य तो चमकेगा और वह एक अच्छे नागरिक के रूप में खुद को स्थापित करेंगे जो प्रदेश और देश के विकास के लिए सुखद होगा उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश के शिक्षा विभाग जिला प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से प्रदेश में सभी जिलों में स्कूलों के भवन का मौका निरीक्षण करवाया था जिसमें प्रदेश में कई जगहों पर स्कूल के भवन जर्जर अवस्था में पाए गए थे इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने इन जर्जर स्कूल भवन के निर्माण के लिए विशेष राशि भी आवंटित की थी जिसके माध्यम से जर्जर स्कूलों के भवन को सुधर जा रहा है और जो भवन पूरी तरह से डैमेज हो गए हैं उनकी जगह नए भवन भामाशाह और दानदाताओं के सहयोग से सरकार बनाने की दिशा में कार्य कर रही है अब जिस तरह से केंद्र सरकार ने भी प्रदेश के स्कूलों के जर्जर भवन को सुधारने के लिए 300 करोड रुपए की मंजूरी दी है इस राशि से निश्चित रूप से प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के भवन को सुधारने और स्कूलों में अन्य सुविधाएं विकसित करने में प्रदेश की भजनलाल सरकार को काफी मदद मिलेगी जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में पिछले सवा दो साल में शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने कई नवाचार और कई बड़े निर्णय लिए हैं जिसमें एक तरफ जहां निजी स्कूलों की फीसवसूलने जैसी मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने कड़े फैसले लिए हैं तो दूसरी तरफ पाठ्य₹ म में बदलाव परीक्षाओं का निश्चित समय पर आयोजन और परीक्षाओं के रिजल्ट का निश्चित समय पर जारी होना इत्यादि विषयों पर भी प्रदेश सरकार ने काफी अच्छा कार्य किया है इसके अलावा इस बार स्कूलों के शैक्षणिक सत्र को समय पर सुचारू रूप से शुरू करने को लेकर भी सरकार ने काफी गंभीरता दिखाई है कुल मिलाकर प्रदेश में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में तो सरकार तेजी से कार्य कर ही रही है इसके अलावा शैक्षणिक वातावरण और छात्रों से जुड़ी सभी तरह की समस्याओं के निराकरण की दिशा में भी सरकार तेजी से कार्य कर रही है ।

## भजनलाल शर्मा किसानों को बीमा क्लेम राशि देने को लेकर अलर्ट मोड पर, जिला कलेक्टर को सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद ग्रामीण क्षेत्र के किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने खुद भी कई सालों तक खेती की और किसानों के बीच इनका लंबा जीवन गुजरा है इसलिए पिछले करीब सवा दो साल के कार्यकाल में प्रदेश में किसान और खेती के कल्याण के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय और फैसले लिए हैं जिसकी वजह से एक तरफ जहां प्रदेश के किसान को आर्थिक संबल मिला है तो दूसरी तरफ किसान परिवार, पशुपालक परिवार के सदस्यों के चेहरों पर चमक भी देखने को मिल रही है हालांकि पिछले सवा दो साल में प्रदेश में नियमित रूप से प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को सामना भी करना पड़ा जिसकी वजह से खेतों में फसलों को काफी नुकसान भी हुआ लेकिन किसानों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई में प्रदेश सरकार ने कोई भी कमी नहीं छोड़ी है अभी भी पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कई जिलों में बरसात ओला इत्यादि की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है इसके लिए भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को निर्देशित किया है कि वह अपने अपने जिलों में बरसात ओला और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से फसल को जो नुकसान हुआ है उसकी मौके पर जाकर अधिकारी आकलन करें जल्दी से जल्दी गिरदावरी और सर्वे रिपोर्ट तैयार करवा कर सरकार को भिजवाए ताकि सरकार जरूरतमंद किसानों को जल्दी से जल्दी फसल बीमा राशि कब भुगतान किया जा सके इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन की ओर से फसल खराबे की रिपोर्ट जल्दी से जल्दी तैयार करने को कहा है मुख्यमंत्री शर्मा खुद बरसात ओला इत्यादि से प्रदेश के किसानों को हुए नुकसान को लेकर काफी विचलित हैं और बराबर जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारियों से प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को हुए नुकसान के बारे में जायजा और फीडबैक ले रहे हैं हालांकि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के सभी किसान को कहा है कि जहां भी फसल को नुकसान हुआ है उसके बारे में 48 से 72 घंटे में निकट के प्रदेश के कृषि विभाग से जुड़े कार्यालय, कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें पीड़ित किसान से सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर जायजा लेंगे और सर्वे रिपोर्ट भी तैयार करेंगे सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सरकार पीड़ित किसानों को जल्दी से जल्दी तुरंत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से क्लेम की राशि का भुगतान करने की दिशा में त्वरित आवश्यक कार्रवाई करेगी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीमा कंपनियों को साफ कह दिया है कि पीड़ित किसान को मुआवजा राशि देने में अगर किसी भी तरह की लापरवाही गड़बड़ी और भ्रष्टाचार जैसी कोई बात सामने आती है तो संबंधित बीमा कंपनी को ब्लैक लिस्ट करके उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फसल खराबे के लिए पार्टी के सभी विधायकों, विधानसभा प्रत्याशियों और पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों को भी जरूरतमंद किसानों की हर संभव मदद करने को कहा है इसके अलावा सरकार के सभी मंत्रियों और जिला प्रभारी मंत्रियों को भी जल्दी से जल्दी सर्वे और गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करवाने को कहा है इसलिए सरकार प्रदेश के किसानों को हर हाल में फसल खराबी से उन्हें जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए पूरा प्रयास कर रही है मुख्यमंत्री शर्मा किसानों को लगातार आर्थिक मदद की दिशा में कार्य करते हुए पिछले 2 साल में नजर आए हैं इसी ₹ म में उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि में भी बढ़ोतरी की केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत प्रदेश के प्रत्येक कृषक को हर साल 6000 रुपए दे रही है लेकिन प्रदेश की भजनलाल सरकार इस 6000 रुपए की राशि में अपने स्तर पर 3000 की और बढ़ोतरी की है जिसके माध्यम से प्रदेश के कृषक को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना केतहत वर्तमान में 9000 रुपए मिल रहे हैं और जल्दी ही प्रदेश की भजनलाल सरकार इस राशि को 12000 रुपए तक करने जा रही है इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के कृषक और खेती के विकास के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे इसी ₹ म में प्रदेश सरकार ने प्रदेश के किसानों को करीब 50000 करोड़ रुपए के ब्याज मुक्त ऋण भी अब तक वितरित किए हैं कुल मिलाकर प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने में प्रदेश सरकार कोई कमी बाकी नहीं छोड़ रही ।

## पीएम मोदी ने रचा इतिहास, सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने का बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जब वे देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सरकार प्रमुख बने। 8,931 दिनों तक (गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक) उनकी नेतृत्व यात्रा ने जनता की सेवा, ईमानदारी और राष्ट्र प्रथम की भावना का प्रतीक साबित किया है। इस उपलब्धि पर देशभर के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "अथक सेवा और अडिग संकल्प से हासिल एक ऐतिहासिक उपलब्धि। भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले शासन प्रमुख बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई। उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। गुजरात से लेकर राष्ट्रीय पटल तक, 8,931 दिनों के समर्पित नेतृत्व के साथ, उनकी यह यात्रा अटूट प्रतिबद्धता, कार्यों में



ईमानदारी और 'राष्ट्र-सर्वोपरि' की सच्ची भावना को दर्शाती है। यह उपलब्धि जनता के स्थायी विश्वास और भारत के विकास व प्रगति के लिए समर्पित उनके आजीवन मिशन का एक जीता-जागता प्रमाण है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पोस्ट किया, "एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सरकार प्रमुख बन गए हैं। गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में भारत का नेतृत्व करने तक, उनकी यात्रा स्थायी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।" केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं देते हुए 'एक्स' पोस्ट में कहा, "यह हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों की सार्वजनिक सेवा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सार्वजनिक जीवन में 8,931 दिनों के साथ, पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब प्रधानमंत्री के रूप में, उनकी 'जन सेवा' की यात्रा समावेशी विकास के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाती है। कड़ी मेहनत और राष्ट्र-निर्माण के प्रति दृढ़ संकल्प पर आधारित, सार्वजनिक सेवा में बिताए उनके ये वर्ष भारत की विकास गाथा को लगातार मजबूत कर रहे हैं।" केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, "राष्ट्र के लिए यह एक गर्व का क्षण है।

## मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास के विभिन्न जिलों के सघन दौरे से प्रशासनिक हलकों में मचा हड़कंप

### विकास कार्यों और योजनाओं का ले रहे फीडबैक

### 2 दिन में ही उदयपुर, कोटा और टोंक जिलों का भ्रमण करके विकास प्रोजेक्ट और सरकारी योजनाओं का लिया फीडबैक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास वैसे तो प्रदेश में मुख्य सचिव की नियुक्ति के पहले दिन से ही एक्टिव मोड पर नजर आए लेकिन पिछले कुछ दिनों से श्रीनिवास अपने दफ्तर से बाहर निकाल कर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौके पर जाकर विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं का फीडबैक संबंधित अधिकारियों से ले रहे हैं विभिन्न जिलों के प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की योजनाओं के ₹ यान्वयन का पूरा फीडबैक ले रहे हैं और बैठक में अधिकारियों को अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं पिछले दो दिन में ही मुख्य सचिव श्रीनिवास ने उदयपुर, कोटा और टोंक जिलों का भ्रमण किया है उदयपुर में श्रीनिवास ने जहां फतेहसागर झील, उद्यान,उदयपुर का जिला सरकारी अस्पताल इत्यादि का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और अस्पताल में उपचार कर रहे मरीज और उनके परिजनों से अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया इसके अलावा जिला कलेक्टर और पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ भी उन्होंने बातचीत करके प्रदेश के लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत देने और



लोगों की समस्याओं और शिकायत का तुरंत प्रभाव से निस्तारण करने की बात कही तथा उदयपुर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के ₹ यान्वयन का भी फीडबैक लिया इसके बाद श्रीनिवास ने कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के बारे में जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित की और इस एयरपोर्ट के जल्दी से जल्दी निर्माण करने की प्र₹ या पर तुरंत प्रभाव से कार्य करने के निर्देश दिए इसी तरह से रविवार को श्रीनिवास ने टोंक का दौरा किया जहां पर उन्होंने अरबी फारसी संस्थान का मौके पर जाकर निरीक्षण किया इस संस्थान से जुड़ी विभिन्न तरह की समस्याओं के बारे में भी जानकारी हासिल की जिसमें संस्थान में खाली पड़े पदों को भरने का विषय भी उठा इसके अलावा मुख्य सचिव ने टोंक जिले में सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में भी सवाल जवाब किया । मुख्य सचिव श्रीनिवास के एक के बाद एक विभिन्न जिलों के निरीक्षण करने के इस कार्य₹ म से प्रदेश के सभी जिलों में प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल तेज हो गई है क्योंकि मुख्य सचिव श्रीनिवास अब अपने दफ्तर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से योजनाओं का फीडबैक लेने की जगह मौके पर जाकर विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं को अपनी आंखों से देख रहे हैं और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ विकास प्रोजेक्ट और योजनाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी हासिल कर रहे हैं इसलिए मुख्य सचिव के इस तरह से फील्ड में उतरकर मौके पर जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण करने की इस हैबिट के बाद अब सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों में इस बात को लेकर चिंता छा गई है कि मुख्य सचिव कभी भी किसी भी जिले में जाकर योजनाओं का फीडबैक लेने आ सकते हैं इसलिए प्रदेश भर के सभी सरकारी विभागों और जिला प्रशासन से जुड़े छोटे बड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में इन दोनों हलचलें काफी तेज हो गई है जानकारी के अनुसार प्रदेश में गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है हालांकि मौसम के अचानक पलट जाने और प्रदेश में कई जगहों पर बरसात और ओले गिरने से तापमान में गिरावट जरूर आई है जिसकी वजह से खेतों में फसल भी खराब हुई है इसलिए मुख्य सचिव जिला कलेक्टरों से फसल खराबे की सर्वे रिपोर्ट भी जल्दी से जल्दी तैयार करवाने के निर्देश दिए हैं और अपने जिलों के भ्रमण के इस कार्य₹ म में भी उन्होंने जिला कलेक्टर से इस बारे में जल्दी से जल्दी सर्वे रिपोर्ट तैयार करने को कहा है गर्मी के दिनों में पेयजल व्यवस्था को प्रत्येक जिले में संपादित करने की दिशा में भी मुख्य सचिव संबंधित विभागों के अधिकारियों से लगातार संपर्क में है और लगातार उन्हें दिशा निर्देश देकर साफ कहते हैं कि प्रदेश में गर्मी के दिनों में किसी भी जिले में पानी की संकट की स्थिति खड़ी नहीं होनी चाहिए इसके लिए पहले से ही सभी तरह की वैकल्पिक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाए इस तरह से मुख्य सचिव खुद अब अपने दफ्तर से निकलकर पूरी तरह से फील्ड में उतर गए हैं ।

## आरपीएफ ने 3 वर्षों में 4328 नशीली दवाओं की तस्करी के मामले का पता लगाया- अश्विनी वैष्णव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के जवाब में संसद में अधिकारी देते हुए बताया कि रेलवे की ओर से जीआरपी द्वारा दर्ज एनडीपीएस मामलों का विवरण राज्यवार '₹ इम इन इंडिया' में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा प्रकाशित किया जाता है। डेटा वस्तुवार जैसे गांजा, मॉर्फिन आदि के रूप में प्रकाशित नहीं किया जाता। डीआरआई, एनसीबी, एनआईए और सीबीआई द्वारा की गई एनडीपीएस जब्ती से संबंधित डेटा भी '₹ इम इन इंडिया' में प्रकाशित किया जाता है, जिसमें रेलवे-विशिष्ट जब्ती का उल्लेख नहीं होता। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स



को 11.04.2019 की गजट अधिसूचना के माध्यम से एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 42 एवं 67 के प्रावधानों के तहत तलाशी लेने, जब्त करने और गिरफ्तारी करने का अधिकार प्रदान किया गया है। हालांकि, आरपीएफ को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज करने और जांच करने का अधिकार नहीं है। इसलिए, आरपीएफ द्वारा बरामद एनडीपीएस और गिरफ्तार व्यक्ति जीआरपी या अन्य सशक्त एलईए को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिए जाते हैं।ट्रेनों और स्टेशनों पर नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ आरपीएफ द्वारा निम्नलिखित उपाय अपनाए जा रहे हैं एनसीबी, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की जाती हैं ताकि नशीली दवाओं से संबंधित आपराधिक गतिविधियों की पहचान, अवरोधन और विघटन में परिचालन दक्षता बढ़ाई जा सके।आरपीएफ नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर का हिस्सा है और नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में सरि₹ य रूप से शामिल है।




CMYK

## 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, कैरियर व मतदान के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय देवी की गली मुंशी बाग अलवर में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का समापन रविवार को हुआ। जिसमें संस्था प्रधान प्राचार्य ज्योति गुप्ता ने एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के समापन की घोषणा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिविर के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद रहे घनश्याम सोनी के द्वारा की गई। शिविर में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, कैरियर व मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सात दिवसीय शिविर में विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसके तहत छात्राओं ने मूसी महारानी की छतरी व सागर की सीढियो की सफाई की, स्वच्छता रैली निकाली व आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रचार्य ने बताया कि 7 दिवसीय शिविर में विद्यालय उपप्राचार्य ऋतु अनेजा शिक्षिकाएं मनजीत कुमारी, लक्ष्मी गोस्वामी, मीनाक्षी देवी, दीपा प्रधान, वर्षा आहूजा व शिक्षक लक्ष्मण राम का सहयोग रहा। शिविर के कार्यक्रम प्रभारी संगीता गुप्ता रही।




## महंत योगी ने सुनी जनसमस्याएं, पुन्हाना में देवी भागवत कथा में हुए शामिल



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** तिजारा विधायक एवं अलवर के पूर्व सांसद महंत बालकनाथ योगी ने रविवार को हसन खां क्षेत्र स्थित बाबा मस्तनाथ जनसेवनम् भवन में आगंतुकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए उन्होंने आश्वासन दिया। इसके बाद वे हरियाणा के पुन्हाना (नूंह) में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी चरित्र का श्रवण करने से मनुष्य को कष्टों से मुक्ति मिलती है। मां देवी भगवती के विभिन्न स्वरूप बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में वर्णित सिद्धांतों को जीवन में अपनाना आवश्यक है, जिससे मनुष्य अंत समय में दु:ख और क्लेशों से मुक्त होकर मां भगवती के दिव्य धाम को प्राप्त कर सके। उन्होंने कथा आयोजन से जुड़े सभी श्रद्धालुओं और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक बताया। इससे पूर्व उन्होंने बृजनगर (मनौता खुर्द) में स्वर्गीय खेम सिंह नेताजी एवं पहाड़ी (पांडेका) में स्वर्गीय केसरी सिंह आजाद के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

## राजपूत सभा की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

### खनीपुरा गांव इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** ग्राम खनीपुरा स्थित जमवाय मंदिर परिसर में रविवार को श्री राजपूत सभा तहसील इकाई चौमूं की कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राजपूत सभा तहसील चौमूं अध्यक्ष भवानी सिंह सिंगोद ने की। इस दौरान समाज के विकास, संगठन की मजबूती और आपसी समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।अध्यक्षता करते हुए भवानी सिंह शेखावत ने कहा कि समाज का समग्र विकास आपसी एकजुटता और समन्वय से ही संभव है। तहसील अध्यक्ष भवानी सिंह सिंगोद ने संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने और समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से खनीपुरा गांव इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक के दौरान कालाडेरा में 29 मार्च को आयोजित होने वाली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर रणवीर सिंह, चंद्रभान सिंह लोहरवाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



## गणगौर उत्सव की धूम- महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर की पूजा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर की एस.आर. कॉलोनी स्थित राणा गार्डन के पास संध्या सक्सेना के निवास पर तीज एवं गणगौर का पारंपरिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आसपास की महिलाओं, माताओं और बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में लीना शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी संध्या सक्सेना ने निभाई। इस अवसर पर गीता शर्मा, सोनम, अंजलि, रेखा, मंजू, मोनू, प्रीति, पूजा, अर्चना, सपना, राजो, सोनाली, लवली, शताक्षी, आरती और वसुंधरा सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। आयोजन के माध्यम से समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने का संदेश दिया गया। अंत में सभी महिलाओं ने एकजुट होकर गणगौर पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।



## मेपल मॉन्टेसरी स्कूल में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित, मॉड्यूलस एकेडमी के साथ शिक्षा को नई दिशा देने का संकल्प

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** शहर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत मॉड्यूलस एकेडमी के अकादमिक सहयोग से संचालित मेपल मॉन्टेसरी स्कूल में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम अलवर के आयुक्त सोहन सिंह नरूका रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने मॉड्यूलस एकेडमी द्वारा अलवर में शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित नए आयामों की सराहना करते हुए विद्यालय को भी उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता के रूप में संघ लोक सेवा आयोग में 342वीं रैंक प्राप्त करने वाली कुनिका चौहान एवं 678वीं रैंक प्राप्त करने वाले इंशा ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्री-प्राइमरी शिक्षा की मजबूत नींव को बच्चों के भविष्य और सफलता का आधार बताते हुए अभिभावकों को इस स्तर पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में मॉड्यूलस एकेडमी के निदेशक सौरव खान ने मॉन्टेसरी शिक्षा पद्धति की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार यह पद्धति बच्चों के मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को संतुलित रूप से विकसित करती है। मेपल मॉन्टेसरी स्कूल की ओर से अध्यक्ष राकेश रावत ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मॉड्यूलस एकेडमी के साथ मिलकर अलवर में शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर मॉड्यूलस एकेडमी के निदेशक राकेश वर्मा, मेपल मॉन्टेसरी स्कूल के देवेंद्र गुप्ता, प्रिंसिपल योगेश शर्मा, मेपल की प्रिंसिपल विप्रा भाटिया, शिक्षाविद महेंद्र सिंह चौहान,एडवोकेट ओमानंद चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह और प्रेरणा के वातावरण में संपन्न हुआ।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की कि हौंसला-अफजाई

### आमजन को पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा लगाने हेतु किया प्रोत्साहित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान महादान फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की हौसला-अफजाई की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तवीरों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति को जीवनदान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऐसे आयोजनों में निरन्तर बढती भूमिका विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा की भावना से आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय कदम है जिससे हमारी युवा पीढी को जीवमात्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को रक्तदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। इससे पहले वन राज्यमंत्री शर्मा ने नगर वन में अपने प्रतिदिन पौधारोपण के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के द्वारा शुरू किए गए एक पेड मां के नाम अभियान के तहत कम से कम एक पौधा ना केवल लगाए, बल्कि उसकी समुचित देखभाल कर धरती मां के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करें।

## सीएम भजनलाल शर्मा आज शाकंभरी माता के दरबार में, प्रशासन हाई अलर्ट पर

### ज्वाला माता मंदिर जोबनेर में भी करेंगे दर्शन, सुरक्षा और व्यवस्थाओं की कड़ी निगरानी

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक(निसं.)।।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को धार्मिक दौरे पर जयपुर से सांभर क्षेत्र पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे जयपुर स्थित सिविल लाइंस आवास से रवाना होंगे और विभिन्न आस्था स्थलों पर दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले दोपहर 2.55 बजे जोबनेर स्थित ज्वाला माता मंदिर पहुंचेंगे, जहां वे करीब 20 मिनट तक पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे 3.15 बजे वहां से सांभर के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.10 बजे सांभर स्थित प्रसिद्ध शाकंभरी माता मंदिर पहुंचेंगे, जहां वे विधिवत पूजा-अर्चना कर दर्शन करेंगे। करीब 20 मिनट के प्रवास के बाद वे शाम 4.30 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे और शाम 6 बजे सिविल लाइंस आवास पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जयपुर और सांभर क्षेत्र का प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मंदिर परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, वहीं आमजन की सुविधा के लिए भी व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। रविवार शाम को जयपुर जिला भाजपा देहात दक्षिण अध्यक्ष राजेश गुर्जर, शिवजीराम कुमावत, शिव प्रसाद यादव, योगेश शर्मा, हृदय सुमन पारीक, देवकरण गुर्जर, पवन मोदी, लक्ष्मण सिंह गुर्जर रिणगी, विष्णु रिणगी, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा, उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल, थाना अधिकारी राम मिलन मीणा सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम के तहत रिणगी में भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह दौरा पूरी तरह धार्मिक स्थलों पर केंद्रित है। ज्वाला माता मंदिर (जोबनेर) और शाकंभरी माता मंदिर (सांभर) क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। प्रशासन को मुख्यमंत्री के आवागमन, सुरक्षा और समुचित व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के साथ उनका निजी स्टाफ और सुरक्षा दल भी मौजूद रहेगा।

## राजस्थान मानव सेवा सम्मान रत्न अवॉर्ड 2026 से सम्मानित हुए डॉ. अरविंद जायसवाल

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(क्रस)।।** शहर के सेंट्रल पार्क के सामने स्थित महाराजा बैंक्विट हॉल में राजस्थान पीपीजेएमएस ग्रुप द्वारा आयोजित भव्य समारोह में जयपुर के करतारपुरा निवासी डॉ. अरविंद जायसवाल को चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं बहुआयामी योगदान के लिए "राजस्थान मानव सेवा सम्मान रत्न अवॉर्ड 2026" से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता बिंदु धारा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. जायसवाल वर्तमान में भारत सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली में नेशनल असेसर के रूप में कार्यरत हैं। वे देशभर के सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं, जिसके आधार पर अस्पतालों को भारत सरकार द्वारा अवार्ड एवं प्रोत्साहन दिए जाते हैं। उनके प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता उल्लेखनीय है। वे अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में समाज को संगठित करने एवं जनहित कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा वे महाराजा कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन के सचिव पद पर कार्यरत हैं, जहां देशभर के 1000 से अधिक पूर्व छात्र जुड़े हुए हैं। इस मंच के माध्यम से सामाजिक सहयोग, मिलन समारोह एवं विभिन्न जनहित गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाता है। कोरोना काल में किए गए उनके सराहनीय कार्यों के लिए देशभर की लगभग 30 संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2000 से जयपुर में निरंतर सामाजिक सेवा करते हुए उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया है। उनकी दीर्घकालीन सेवा, प्रशासनिक दक्षता एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण को देखते हुए जी. एल. यादव की अनुशंसा पर उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया।

### फ्लैगशिप योजना श्रृखंला स्वामित्व योजना

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्यभर में स्वामित्व योजना का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नवोन्मेषी पहल स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक से गाँवों की आबादी का सर्वेक्षण और मानचित्रण कर सटीक रिकॉर्ड तैयार करना एवं आम नागरिकों को भूमि व मकान के स्वामित्व का वैध दस्तावेज प्रदान करना है। स्वामित्व, पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसकी देशव्यापी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस, 24 अप्रैल 2021 को की गई। योजना का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

स्वामित्व योजना ग्रामीण आबादी ("अबादी") क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है, जिसमें ड्रोन तकनीक का उपयोग करके भूमि पार्सल का मानचित्रण किया जाता है और संपत्ति के मालिकों को कानूनी स्वामित्व कार्ड (संपत्ति कार्ड/शीर्षक विलेख) जारी करने के साथ गांव के घरेलू मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान किया जाता है। यह योजना विविध पहलुओं को शामिल करती है, जैसे संपत्तियों के मुद्रीकरण की सुविधा और बैंक ऋण को सक्षम करना, संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना, व्यापक ग्राम स्तर की योजना से सही मायने में ग्राम स्वराज प्राप्त करने और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम होगा।

### स्वामित्व योजना से मिलने वाले लाभ

योजना के माध्यम से ग्रामीण भारत के नागरिकों को ऋण लेने और अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए अपनी संपत्ति को वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में उपयोग करने में सक्षम बनाकर वित्तीय स्थिरता लाना, ग्रामीण नियोजन के लिए सटीक भूमि अभिलेखों का निर्माण और संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना, संपत्ति कर का निर्धारण, जो उन राज्यों में सीधे ग्राम पंचायतों को प्राप्त होगा जहां इसे हस्तांतरित किया गया है या फिर राज्य के खजाने में जोड़ा जाएगा, सर्वेक्षण अवसंरचना और जीआईएस मानचित्रों का सृजन, जिनका उपयोग किसी भी विभाग द्वारा किया जा सके तथा जीआईएस मानचित्रों का उपयोग करके बेहतर गुणवत्ता वाली ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने में सहायता करना। इस योजना का लाभ ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित मकान व भूखंडों की स्वामित्वधारी पंचायती राज विभाग से संपर्क कर उठा सकते हैं। योजना को पंचायती राज मंत्रालय, राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहयोगात्मक प्रयासों से क्रियान्वित किया जा रहा है।

## डॉ. मोहित जसवंत यादव ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ, विकास कार्यों को दी गति, व्हीलचेयर रग्बी कप में हुए शामिल

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने रविवार को क्षेत्र में आयोजित विभिन्न सामाजिक, स्वास्थ्य एवं खेल कार्यक्रमों में भाग लेते हुए जनसंपर्क को नई मजबूती दी। मोहलड़िया स्थित करनी क्लीनिक में वरदान ब्लड सेंटर एवं इंदू हॉस्पिटल, नीमराना के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ डॉ. मोहित ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। शिविर में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। इसके बाद हमींदपुर में उनकी उपस्थिति में 26.01 लाख की लागत से निर्मित थ्री फेस बोरिंग एवं 4 लाख की लागत से दो आंगनबाड़ी केंद्रों के सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने एक और नए बोरिंग की घोषणा की तथा विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की अनुशंसा पर गांव में सड़कों के पैचवर्क कार्य कराए जाने की जानकारी दी। डॉ. मोहित ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का भी उल्लेख किया। इसी क्रम में बहरोड़ स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खेल मैदान में मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित "मंथन इंटर स्टेट व्हीलचेयर रग्बी कप 2026" कार्यक्रम में भी वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और उत्साह की सराहना करते हुए खेलों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही तथा क्षेत्र में पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा।

## सैकड़ों कन्याओं का सामूहिक पूजन, पैर धोकर की महाआरती

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** स्थानीय बुनकर मोहल्ला स्थित बुनकर सामुदायिक भवन में सर्व समाज के 21 यजमान जोड़ों द्वारा लगभग 200 कन्याओं का पैर धोकर पूजन अर्चना किया गया। जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कूलवाल, रामकरण गोठवाल, बंशीधर कुलदीप, सुरेश बिंवाल सहित समिति के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। पंडित हेमंत शर्मा ने वैदिक मंत्रों के साथ शास्त्रोक्त विधि से कन्याओं के पद प्रक्षालन, पूजन अर्चन करवाया। जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा "पुरुषोत्तम" ने बताया कि सामूहिक कन्या पूजन सामाजिक समरसता का अभूतपूर्व कार्यक्रम है। कन्याओं को पद प्रक्षालन, किलकार्चन एवं चुनरी भेंट कर महाआरती की गई। कन्याओं के सामूहिक भोज के पश्चात भेंटस्वरूप उपहार पाकर कन्याओं के चेहरे खिल उठे। शारदीय नवरात्रों में शक्ति की उपासना के अंतर्गत दुर्गास्वरूपा कन्याओं की पूजन की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है।

सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में 21 यजमान जोड़ों के साथ ही राम गोपाल कुमावत, विनोद दुसाद, लालचंद कुमावत, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, अशोक सोनी, मुकेश बागड़ा, नरेश जिंदल, अमरचंद रावत, रामावतार दुसाद, हेमराज गोठवाल, हितेश कूलवाल, नरसिंह लाल वर्मा, शंकर सैनी, कैलाश चंद वर्मा, नंदलाल सोरेला, मंडी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, बनवारी लाल गरेड, आशा पारीक, माया शर्मा, सुमन अग्रवाल, पिंकी जिंदल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच खालासी की टीम ने जीता



**मण्डावा(निस))।** शहर के निकटवर्ती ग्राम कुहाडू का बास में रविवार को बालाजी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षाविद समाजसेवी हनुमान प्रसाद नेमीवाल की अध्यक्षता में हुआ। क्लब अध्यक्ष संजू चाहर ने बताया कि दस दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 32 टीम भाग लेंगी। विजेता टीम को 21000 व ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 11000 व ट्राफी प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम में कुहाडू विकास अधिकारी गुंजनबाला सुरोलिया मुख्य अतिथि और प्र.अ.ओमप्रकाश निठारवाल विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। नेमीवाल ने खेल के मैदान में खेल खेलने के महत्व को उजागर करते हुए स्क्रीन पर खेल खेलने से दूर रहने तथा अनुशासन और खेल भावना से खेल खेलने का आह्वान किया।इस अवसर पर बालाराम कटारिया, गिरधारी,गोवर्धन, इंद्राज, ओमप्रकाश, रामेश्वर, हनुमान कटारिया, जयराम सिगड़, सतपाल सैनी, बनवारीलाल, महेन्द्र सैनी, पूर्णमल सैनी, रूपाराम सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच में पहले खेलते हुए भाकरवासी की टीम ने 10 ओवर में 86 रन बनाकर खालासी की टीम पर एक रन से जीत हासिल की।

# बीमा कंपनियों की कार्यशैली को लेकर मंत्री किरोड़ी मीणा नाराज और कहा-मिलीभगत और सेटिंग का खेल चल रहा है

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने किसानों को बीमा क्लेम की राशि बांटने के मामले में बीमा कंपनियां की कार्यशैली और व्यवहार पर गहरी नाराजगी जताई है और कहा है कि किसानों को बीमा क्लेम की राशि का वितरण करने में कई जगहों पर बीमा कंपनियों की ओर से जो प्रि या अपनी जा रही है वह ठीक नहीं है डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने अंता क्षेत्र में बीमा क्लेम की राशि का भुगतान किसानों को नहीं करने पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि ऐसा लग रहा है बीमा कंपनियां मिली भगत और सेटिंग के खेल में लिप्त है जिसकी वजह से समय पर किसानों को बीमा क्लेम की राशि



का भुगतान नहीं हो पा रहा है डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने बीमा कंपनी प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर किसानों को समय पर बीमा क्लेम की राशि का भुगतान नहीं किया गया तो इस मामले में दोषी बीमा कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने विभाग के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को भी निर्देशित किया है कि वह बीमा क्लेम के संदर्भ में पारदर्शक तरीके से जल्दी से जल्दी सर्वे और अन्य जरूरी कामकाज को संपादित करें ताकि जरूरतमंद किसानों को बीमा क्लेम की राशि समय पर मिल सके जानकार लोगों का कहना है कि डॉक्टर किरोड़ी मीणा प्रदेश के किसान और खेती के कल्याण और विकास को लेकर पूरी तरह से समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं किरोड़ी मीणा के पास आपदा और राहत प्रबंधन विभाग की भी जिम्मेदारी है इसलिए प्राकृतिक आपदा में किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी मीणा काफी गंभीर रहे हैं तथा फसल बीमा योजना के सफल ि यान्वयन के लिए भी मीणा ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है लेकिन फसल बीमा क्लेम में बीमा कंपनियों की ओर से अपनी जा रही कार्यशैली और व्यवहार को लेकर कहीं ना कहीं किरोड़ी मीणा नाराज है क्योंकि प्रदेश में कई जगहों पर जरूरतमंद किसानों को फसल बीमा क्लेम की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है इसलिए इस कार्य में किरोड़ी मीणा का कहना है कि कहीं ना कहीं बीमा कंपनियां जानबूझकर किसानों के साथ छलावा और धोखाधड़ी कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि डॉक्टर किरोड़ी मीणा लगातार प्रदेश भर में दौरा करके प्रदेश के किसानों और किसान संगठनों से लगातार मुलाकात करते रहते हैं किसान और खेती के कल्याण और विकास के लिए नियमित रूप से किसान संगठनों और किसानों से सलाह और सुझाव भी लेते रहते हैं इसके अलावा प्राकृतिक आपदा की वजह से प्रदेश में जहां-जहां किसानों को नुकसान हुआ उन इलाकों का भी मौके पर जाकर किरोड़ी मीणा ने दौरा किया है और किसानों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए उन्होंने किसानों को पूरा आश्वासन और भरोसा भी दिया जिसके फल स्वरुप बड़ी संख्या में प्रदेश में किसानों को मुआवजा राशि का वितरण भी हुआ है लेकिन फसल बीमा योजना में बीमा कंपनियों की कार्यशैली को लेकर कहीं ना कहीं किरोड़ी मीणा संतुष्ट नहीं है इसकी वजह यही है कि प्रदेश के कई इलाके ऐसे हैं जहां किसानों को फसल बीमा मुआवजा राशि का वितरण नहीं हो पाया इसके लिए उन्होंने बीमा कंपनियों को ही पूरी तरह से दोषी ठहराया है।

## चलती बस में धुआं भरने से यात्रियों में छाई दहशत और बस से नीचे कूद गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जैसलमेर के पोखरण इलाके में रविवार को एक चलती हुई बस के साइलेंसर में अचानक धुआं उठने लगा और यह धुआं बस के अंदर भर गया जिसकी वजह से बस में सवार यात्रियों के चेहरे पर चिंता की लकीर छा गई यात्रियों ने यह सोचा कि बस में आग लग चुकी है इसलिए उन्होंने तुरंत बस रूकवाई और बिजली जैसी रफ्तार से सभी यात्री बस से नीचे कूद गए हालांकि बस के साइलेंसर में तकनीकी खराबी की वजह से जोरदार धुआं उठने लगा था बस में आग नहीं लगी थी लेकिन बस के अंदर जबरदस्त धुआ भरने से यात्रियों ने यह सोच लिया कि बस में आग लग गई है इसलिए उन्होंने चालक से कहकर तुरंत बस रूकवाई और चालक ने भी समझदारी दिखाते हुए तुरंत बस को रोका ।

## बाथरूम में पानी गर्म करने की राड से बिजली विभाग के कर्मचारी की करंट लगने से हुई मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के डूंगरपुर शहर में वसुंधरा विहार कॉलोनी में घर में बाथरूम में पानी गर्म करने की राड से करंट लगने की वजह से बिजली विभाग के एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची वह मृतक व्यक्ति की बॉडी को कब्जे में किया तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया तथा आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटाए गए पुलिस का कहना है की प्रथम दृश्य पानी की राड में करंट लगने से मौत होने के संकेत मिले हैं फिर भी इस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है जब तक पुलिस की जांच कंप्लीट नहीं हो जाती और जब तक मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल जाती तब तक पुलिस इस मामले में ज्यादा नहीं बोल सकती लेकिन प्रथम दृश्य यह एक तरीके से हादसा ही दिख रहा है द्य बड़ी बात यह है कि करंट लगने से मौत के मुंह में गया व्यक्ति बिजली विभाग का ही कर्मचारी है पुलिस इस मामले में मृतक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है।

## मधुमक्खियां के हमले से 50 से ज्यादा लोग घायल, इलाके में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के टोंक जिले के निवाई में टोंक रोड पर वेटरनरी अस्पताल के पास मधुमक्खियां ने अचानक लोगों पर भीषण हमला बोल दिया जिसकी वजह से 50 से ज्यादा लोग मधुमक्खियां के काटने से घायल हुए हैं जिन्हें तुरंत निवाई के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है जिनमें 24 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी भी दे दी गई है लेकिन बाकी घायलों का खबर लिखे जाने तक अस्पताल में उपचार जारी है जिसमें दो घायलों की हालत काफी गंभीर बताई गई है सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी भी अस्पताल में पहुंचे हैं और घायलों के समुचित इलाज करने के जिला प्रशासन के अधिकारियों ने निर्देश भी दिए हैं मधुमक्खियां के इस हमले के बाद इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई है जानकारी के अनुसार वेटरनरी अस्पताल के पास अचानक मधुमक्खियां के एक बड़े समूह ने वहां पर मौजूद लोगों पर जोरदार हमला बोल दिया अचानक मधुमक्खियां के हमले से वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे लेकिन मधुमक्खियां दूर तक भागते हुए लोगों का पीछा करती रही जिसमें 50 से ज्यादा लोगों को मधुमक्खियां ने काट दिया इस हमले से वहां मौजूद लोगों में चीख पुकार भी मच गई लोग जोर-जोर से चिल्लाने लगे और इधर-उधर भागते हुए लोग सुरक्षित जगहों पर पहुंचने का प्रयास कर रहे थे लेकिन मधुमक्खियां उनका पीछा ही नहीं छोड़ रही थी काफी देर तक इलाके में मधुमक्खियां को लेकर दहशत का माहौल बना रहा।

## 10 बीघा जमीन में गेहूं की फसल में लगी भीषण आगः फसल जलकर स्वाहा,किसान परिवार सदमे में


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली जिले में गुड़ा गोपीनाथ गांव में एक किसान के 10 बीघा खेत में गेहूं की फसल में अज्ञात कारण की वजह से भीषण आग लग गई जिसकी वजह से पूरी फसल जलकर राख हो गई है इस हादसे के बाद किसान और उसके परिजन गहरे सदमे में है मौके पर ग्रामीण भी पहुंचे हैं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तुरंत मुआवजा देने की पुरजोर डिमांड की है क्योंकि इस आगजनिक की घटना से किसान और उसके परिवार के सभी सदस्य गहरी अवसाद में चले गए हैं इसलिए ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता नहीं दी गई तो परिवार में कोई अनहोनी घटना भी हो सकती है जानकारी के अनुसार खेत में आग कैसे लगी यह भी एक अबूझ पहेली बनी हुई है क्योंकि खेत के ऊपर बिजली हाई टेंशन की कोई लाइन नहीं है इसके अलावा मौके पर अन्य और कोई ऐसे संकेत नहीं मिले हैं जिसके माध्यम से फसल में आग लगी हो इसलिए आज आगजनी की इस घटना को लेकर ग्रामीण भी काफी चकित है जानकारी के अनुसार गुड़ा गोपीनाथ गांव में गेहूं के खेत में लगी इस आग को काबू में करने के लिए स्थानीय स्तर पर किसी भी तरह का कोई साधन यंत्र और उपकरण नहीं थे फसल पूरी तरह से पक चुकी थी इसलिए जैसे ही फसल में आग लगी तुरंत फसल ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पूरी फसल आग की भेंट चढ़ गई हालांकि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर भी पहुंचे और दमकल की गाड़ियों को भी बुलाया गया लेकिन मौके पर दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में काफी समय लगा तब तक फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई थी ।

## रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** गौरक्षक दल ने शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर व सैनिक सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन किया। गौरक्षक दल अध्यक्ष कुमावत ने बताया कि देश की आजादी की लड़ाई में अमर शहीद भगत सिंह की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा



सकता। स्वतंत्र भारत के प्रत्येक नागरिकों को शहीद दिवस पर उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर परमार्थ के कार्यो में सहयोग करना चाहिए। कार्य₹ म के संयोजक पंकज गोस्वामी ने बताया कि 23 मार्च को शहीद दिवस पर भगत सिंह यूथ क्लब के तत्वावधान में धोबलाई स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में यह कार्य₹ म आयोजित होगा। जिसमें रक्तदान शिविर के साथ सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों व वीरांगनाओं का सम्मान भी किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान सहाय यादव, प्रवीण कुमावत, तुलसीराम डेनवाल, मदन सेरावत, कैलाश मेहता, लोकेश डेनवाल, विजय कुमावत, कैलाश केशवा, महेंद्र सेरावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## हरमाड़ा के नींदड़ में खाली प्लाट में पेड़ से लटकी हुई लाश मिली

### कोटा में घर में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा थाना इलाके में नींदड़ में एक खाली प्लाट में पेड़ से लटकी हुई व्यक्ति की लाश मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में किया तथा घटना स्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटे हैं पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह मामला आत्महत्या का दिख रहा है फिर भी पुलिस का कहना है कि अभी इस मामले में जांच जारी है और जब तक जांच कंप्लीट नहीं हो जाती है तब तक कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा लेकिन प्रथम दृश्य मामला आत्महत्या का ही दिख रहा है ।इसी तरह से प्रदेश के कोटा में आरके पुरम थाना इलाके में एक महिला की लाश उसके घर में ही पड़ी हुई मिली तथा घर में रखा कीमती सामान और सोने चांदी के आभूषण भी मौके पर नहीं मिले हैं तथा सामान बिखरा हुआ पड़ा मिला है सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है तथा मृतक महिला की बॉडी को कब्जे में करके उसका पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस की जांच को सही दशा मिल पाएगी मृतका का नाम विजया बताया गया है मृतक महिला अपने घर की पहली मंजिल पर अकेली रहती थी और मकान के नीचे का पोर्शन किराए पर दिया हुआ था इसलिए नीचे के पोर्शन में किराएदार रहते थे मृतक महिला के निकट के परिजनों ने बताया कि जब सूचना मिलने के बाद वे घर पर पहुंचे उस समय दो लड़के और एक लड़की घर से बाहर निकलती हुई दिखाई दिए थे इसलिए मृतक महिला के निकट परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि कहीं न कहीं घर से बाहर निकले उन दोनों लड़के और एक लड़की का इस घटना से कनेक्शन हो सकता है इसलिए पुलिस मृतक महिला के निकट के परिजनों के बयानों के आधार पर घर से फरार हुए दो लड़कों और एक लड़की की तलाश कर रही है इसके अलावा इस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है ।

## एसीबी ने मंडावा थाने के इंस्पेक्टर और कांस्टेबल को 8 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में अरेस्ट किया, 20 लाख की मांगी थी रिश्वत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से रविवार को उदयपुर जिले में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मंडावा थाने के इंस्पेक्टर निर्मल कुमार खत्री और कांस्टेबल भलाराम को रुपए की रिश्वत लेने के आरोपमें गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद पुलिस स्टेशन में तैनात अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में भी खलबली मच गई है इसके अलावा गिरफ्तार इंस्पेक्टर निर्मल कुमार खत्री के विभिन्न ठिकानों पर भी एसीबी का सर्च अभियान जारी है एसीबी के अधिकारियों का मानना है कि कहीं ना कहीं निर्मल कुमार खत्री पद का दुरुपयोग कर रहा था और बिना पैसा लिए दिए वह कोई कार्य नहीं कर रहा था जब इंस्पेक्टर खुद ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा था तो जाहिर तौर पर पुलिस स्टेशन में नियुक्त अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी कहीं ना कहीं अपने बॉस का अनुसरण तो कर ही रहे होंगे फिलहाल इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त निर्मल कुमार खत्री मंडावा थाने के इंस्पेक्टर हैं जिन्होंने एनडीपीएस एक्ट मेंचार मुलजिमों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी मिली शिकायतों और संकेत के आधार पर अपने स्तर पर ही इस पूरे मामले की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और इंस्पेक्टर तथा इसी थाने में पोस्टेड कांस्टेबल भलाराम के मोबाइल फोन कॉल को नियमित रूप से ट्रेस करके इस पूरे मामले की गुपचुप में जानकारी जुटा रहे थे इसी ₹ म में रविवार को



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गुपचुप में मौके पर ही जाकर रिश्वत की 8 लाख रुपए की राशि को बरामद किया है इस मामले में इंस्पेक्टर निर्मल कुमार खत्री और कांस्टेबल को गिरफ्तार भी कर लिया गया है उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से राजस्थान पुलिस मुख्यालय को अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ नियमित रूप से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके फल स्वरुप पिछले दो सालों में राजस्थान पुलिस की ओर से प्रदेश भर में अवैध मादक पदार्थ का धंधा करने वाले लोगों को बड़ी संख्या में अरेस्ट किया है बड़ी संख्या में फरार वांटेड तस्करों को भी पुलिस ने ढूंढ निकाला है इसके अलावा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी जिलों में पुलिस अधीक्षक थाना स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े लोगों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीमों का गठन किए हुए हैं जिसके माध्यम से रोजाना बड़ी संख्या में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोग पुलिस की गिरफ्त में भी आ रहे हैं लेकिन उदयपुर जिले में मंडावा थाने के इंस्पेक्टर निर्मल कुमार खत्री ने जिस तरह से भ्रष्टाचार का यह बड़ा खेल खेल कर लाखों रुपए की अवैध कमाई करने जा रहे थे उसका पर्दाफाश एंटी करप्शन ब्यूरो ने रविवार को किया।

## सांसद राव राजेंद्र सिंह के आवास पर यूजीसी के विरोध में सैकड़ो लोगों ने किया प्रदर्शन, श्री राजपूत करणी सेना की अगवाई में हुआ प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर ग्रामीण से भारतीय जनता पार्टी के सांसद राव राजेंद्र सिंह के जयपुर स्थित खातीपुरा आवास पर श्री राजपूत करणी सेना के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने यूजीसी के नए कानून के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया काफी देर तक प्रदर्शनकारियों ने आवास के बाहर जोर-जोर से नारेबाजी की और प्रदर्शनकारियों ने सांसद राव राजेंद्र सिंह को यह मैसेज दिया है कि हम लगातार आपको समर्थन और वोट दे रहे हैं लेकिन आप हमारे बच्चों के भविष्य के लिए यूजीसी के कानून के विरोध में बोलोगे या नहीं प्रदर्शनकारियों ने सांसद राव राजेंद्र सिंह से आग्रह किया है कि वह यूजीसी के नए कानून के विरोध में पुरजोर तरीके से हमारी बात सरकार के समक्ष रखें उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जयपुर के रामनिवास गार्डन में श्री राजपूत करणी सेना और विभिन्न स्वर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने सामूहिक बैठक का आयोजन किया था जिसमें यूजीसी कानून के विरोध में प्रदेश में प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की थी जिसमें प्रदेश में सांसदों के आवास का घेराव करने का भी निर्णय लिया गया था इसी ₹ म में रविवार को श्री राजपूत करने सेना और अन्य विभिन्न स्वर्ण समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में खातीपुरा में एक जुलूस निकाला और फिर खातीपुरा स्थित राव राजेंद्र सिंह के आवास के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया जानकार लोगों का कहना है कि यूजीसी के कानून को लेकर कोर्ट में भी मामला विचार अधीन को लेकर कोर्ट में भी मामला लंबित चल रहा है लेकिन जब से यूजीसी के नए कानून सामने आए हैं तब से ही राजस्थान और देश के अन्य राज्यों में भी यूजीसी के नए कानून को लेकर स्वर्ण समाज के लोगों ने गहरी नाराजगी जताई है और स्वर्ण समाज के लोगों का कहना है कि इस कानून से एक तरफ जहां शांति और कानून व्यवस्था बिगड़ेगी तो दूसरी तरफ समाज में आपस में मनमुटाव और मतभेद की स्थिति भी पैदा होगी जिसकी वजह से समाज में आपस में भाईचारा का माहौल भी बिगड़ेगा इसके अलावा यूजीसी के नए कानून स्वर्ण समाज के बच्चों के भविष्य के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है इसीलिए राजस्थान और देश के अन्य राज्यों में भी स्वर्ण समाज की ओर से यूजीसी के नए कानून के विरोध में लगातार प्रदर्शन किया जा रहे हैं राजस्थान में भी सबसे पहले कई शहरों में स्वर्ण समाज के लोगों ने इन कानून के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया है और अब जिस तरह से प्रदेश के सांसदों के आवास के बाहर प्रदर्शन करने का निर्णय पिछले दिनों रामनिवास गार्डन में आयोजित की बैठक में लिया गया उसके बाद रविवार को जयपुर ग्रामीण से भाजपा के सांसद राव राजेंद्र सिंह केखातीपुरा स्थित आवास पर रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने यूजीसी के कानून के विरोध में प्रदर्शन किया।

## श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित गोगामेड़ी स्थित मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन आचार्य श्रीकृष्णकांत उपाध्याय ने कथा का अमृतपान कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आचार्य ने भगवान कृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। उन्होंने बताया कि भगवान को माखन इसलिए प्रिय है क्योंकि यह भक्त के निर्मल हृदय का प्रतीक है। उन्होंने भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संसार में वास्तविक धनवान वही व्यक्ति है जो अपने तन, मन और धन को प्रभु की सेवा में समर्पित कर दे। रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर बोलते हुए उपाध्याय ने कहा कि माता रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप हैं और वे अपने नारायण से कभी दूर नहीं रह सकतीं। इस अवसर पर महाराज ने संदेश दिया कि ईश्वर को धन-दौलत या बड़े-बड़े यज्ञों से सरोकार नहीं है। वे केवल स्वच्छ और शुद्ध मन से की गई आराधना के अधीन होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कथा सुनने से जीवन सफल होता है और अनजाने में हुए पापों से मुक्ति मिलती है। कथा आरंभ होने से पूर्व आयोजक ने व्यास गद्दी का पूजन किया। कथा के समापन पर आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## चौसठ जोगनी रे भवानी मंदिरिये रमजा... जागरण में झूमे श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित महाकाली धाम सेवा संचौसठ जोगनी रे भवानी मंदिरिये रमजास्थान का 18वां रात्रि जागरण का आयोजन शनिवार को किया गया। संस्थान के संस्थापक पुष्पदत गुप्ता ने ज्योत प्रज्वलित कर कार्य₹ म का शुभारंभ किया। गायक कलाकार कपिल शान एंड पार्टी रतनगढ़ ने गणेश वंदना से कार्य₹ म का आगाज किया। गायक कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया । गायक कलाकारों ने तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, चौसठ जोगनी रे भवानी मंदिरिये रमजा जैसे भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर कमल शर्मा, व्यवस्थापक तेजपाल गुप्ता, रोहित गुप्ता, राजू, राजेंद्र सोनी, बंटी, सुनील, विशाल, आदि ने कार्य₹ म में सहयोगी भूमिका निभाई। शिवपूजन गुप्ता ने आए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश में युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर दावेदारों में हलचल तेज, अनिल चोपड़ा ने मानसरोवर में युवक कांग्रेस जनों से मीटिंग की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में युवक कांग्रेस के संगठन के चुनाव को लेकर हलचल काफी तेज हो गई है युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर हालांकि कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार की ओर से करीब 40 नेताओं की लिस्ट जारी की जाएगी लिस्ट में शामिल नेता ही युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकेंगे इसके लिए कांग्रेस हाई कमान की ओर से राजस्थान में कर्मठ सि य टैलेंटेड युवा नेताओं के बारे में फीडबैक एकत्रित किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप करीब 40 युवक कांग्रेस के नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए चिन्हित किया जाएगा इसलिए प्रदेश के जो युवा इस लिस्ट में खुद के शामिल होने को लेकर पूरी तरह से खुद को परफेक्ट समझ रहे हैं उन युवाओं ने प्रदेश में चुनाव लड़ने की तैयारी में युवक कांग्रेस जनों से



मुलाकात करने का सिलसिला शुरू भी कर दिया है इसी ₹ म में जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से पिछला लोकसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी के टिकट पर लड़ चुके अनिल चोपड़ा ने भी जयपुर के मानसरोवर इलाके में कांग्रेस जनों के साथ एक बड़ी मीटिंग का आयोजन किया है इस मीटिंग में अनिल चोपड़ा काफी भावुक नजर आ रहे हैं मीटिंग का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी जोरदार तरीके से वायरल हो रहा है अनिल चोपड़ा पिछला लोकसभा चुनाव बहुत ही कांटे की टक्कर में भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह से हारे थे अनिल चोपड़ा सचिन पायलट के काफी नजदीकी माने जाते हैं इसलिए चोपड़ा की दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही है इसके अलावा राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रह चुके निर्मल चौधरी भी युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार दिख रहे हैं इसके अलावा और भी बहुत से युवक कांग्रेस के नेता हैं जो चुनाव लड़ने के काफी इच्छुक बताई जा रहे हैं और इन युवाओं ने अपने स्तर पर चुनाव लड़ने की तैयारी में खुद को पूरी तरह से व्यस्त भी कर लिया है जानकारी के अनुसार आगामी 25 मार्च से राजस्थान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन की प्रि या शुरू होगी हालांकि ब्लॉक और जिला स्तर पर युवक कांग्रेस के संगठन में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रि या शुरू भी हो चुकी है लेकिन अध्यक्ष पद के लिए वे उम्मीदवार ही नामांकन भर सकेंगे जिनके नाम दिल्ली से आने वाली लिस्ट में शामिल होगा इसलिए चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता दिल्ली से आने वाली लिस्ट का भी इंतजार कर रही है जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद की चुनाव प्रि या पर राहुल गांधी भी बारीकी से नजर रखे हुए हैं राहुल गांधी खुद उन नेताओं का बायोडाटा और फीडबैक देख रहे हैं जिन्हें चुनाव लड़ने के लिए चिन्हित किया जाएगा राहुल गांधी जानते हैं कि युवक कांग्रेस के अध्यक्ष का पद काफी महत्वपूर्ण होता है अध्यक्ष पद पर राहुल गांधी ऐसे युवा नेता को बैठना चाहते हैं जो पूरी तरह से सि य और समर्पित होकर कार्य करें तथा पार्टी के कार्य₹ मों में जबरदस्त तरीके से युवक कांग्रेस की भूमिका को सुनिश्चित करने की योग्यता रखता हो तथा युवा कांग्रेस के संगठन को गति और विस्तार देने में माहिर हो और एक ऐसा नेता हो जो टैलेंटेड भी हो और उसके भाषण शैली भी काफी सटीक हो तथा सोशल मीडिया के इस युग में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर जबरदस्त तरीके से कांग्रेस पार्टी की उपस्थिति को दिखाने की पूर्ण योग्यता रखता हो इसलिए राजस्थान युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने के लिए जो लिस्ट दिल्ली से जयपुर पहुंचेगी उस लिस्ट में शामिल सभी नाम पर राहुल गांधी की अंतिम सहमति जरूर होगी।

## सम्पादकीय

### तेल और गैस ठिकानों पर हमलों से दुनिया में ऊर्जा संकट का खतरा



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर इसका स्वरूप और बिगड़ता गया, तो आने वाले दिनों में संकट का दायरा ज्यादा व्यापक और गंभीर हो सकता है। सच यह है कि इजराइल और अमेरिका के ईरान पर साझा हमले के बाद अब युद्ध ने जो रुख अख्तियार कर लिया है, उसमें शांति की उम्मीद फिलहाल धुंधली लग रही है। हमले के ₹ म में जिस तरह स्कूली बच्चों और आम लोगों तक की फिर्  नहीं की गई, उसे लेकर पहले ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन के कई सवाल उठे हैं। अब हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलों का निशाना अब दोनों पक्षों के तेल और गैस के वे ठिकाने बन रहे हैं, जिसका वैश्विक स्तर पर गंभीर असर पड़ेगा। खासतौर पर युद्ध के आगे बढ़ने के साथ-साथ खाड़ी के कई देशों में हालात बेहद जटिल होते जा रहे हैं। गौरतलब है कि इजराइल ने बुधवार को ईरान में स्थित दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस सुविधा केंद्र पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने गुरुवार को कतर के रास लाफान के ठिकाने को निशाना बनाया, जो वहां मुख्य तरल प्राकृतिक गैस को तैयार करने वाला मुख्य केंद्र है। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की वजह से कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही कई स्तरों पर बाधित है और इसका स्वाभाविक असर इसकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर कच्चे तेल के दाम में तेज बढ़ोतरी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एक ओर, बीएसई सूचकांक में करीब 2500 अंक की बड़ी गिरावट हुई, वहीं एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। जून, 2024 के बाद इसे सूचकांक में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट बताया गया है। इस तरह की स्थिति को कई बार अन्य कारकों से भी जोड़ा जाता है, लेकिन इस बार वैश्विक स्तर पर तस्वीर लगभग साफ है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अब ऊर्जा के बुनियादी ढांचों या तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों में तेजी के बाद कच्चे तेल के दाम में काफी उछाल आया है। इसका एक स्वाभाविक असर निवेशकों की धारणा पर पड़ा है, जिनके भीतर मौजूदा उथल-पुथल को लेकर एक तरह का असुरक्षाबोध पैदा हुआ है। दरअसल, जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को रोका है, उसके बाद दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति भी बाधित हुई है। भारत जैसे कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और तेल तथा गैस के लिए वैकल्पिक स्रोतों की ओर देख रहे हैं। इस ₹ म में भारत ने रूस से तेल खरीद बढ़ाई है। मगर अब पश्चिम एशिया के युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाले केंद्रों और ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जा रहा है, उससे संकट और ज्यादा गहराने की आशंका खड़ी हो रही है।



## कहानी

### महाबली हनुमान

राजा पांडु के पांच पुत्र थे युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, इन पांचों भाईयों को पांडव कहते थे । पांडवों में भीम सबसे अधिक शक्तिशाली थे । उन्हें अपनी इस शक्ति का घमंड हो गया था । उन्हें लगता था कि पूरे संसार में उनके जैसा शक्तिशाली कोई नहीं है । इस कारण वे स्वयं को सभी श्रेष्ठ समझने लगे थे । उनके इस घमंड के कारण उनकी हानि हो रही थी । यह बात भगवान श्रीकृष्ण को पता थी । उनके घमंड को दूर करने के लिए भगवान ने एक बहुत अच्छी लीला की । एक दिन जब भीम जंगल से गुजर रहे थे । तब भीम का पैर किसी वस्तु से टकरा गया और भीम ने वह वस्तु क्या है, यह जानने का प्रयास किया तो उन्हें एक वानर की पूंछ दिखाई दी । उन्होंने उस पूंछ को पकडकर पीछे घूमकर देखा तो उन्हें एक पेड के नीचे बूढा वानर बैठा दिखाई दिया और उस वानर की पूंछ उनके आगे जाने के रास्ते पर पडी हुई थी । उस वानर को देखकर भीम घमंड से बोले, 'ए वानर, मुझे आगे जाना है अपनी पूंछ मेरे मार्ग से हटाओ । वानर ने धीमे से गर्दन घुमाकर भीम की ओर देखा और बोला, 'मैं बहुत बूढा हो गया हूं और बीमार भी हूं । मुझमें अपनी पूंछ उठाने जितनी भी शक्ति नहीं है । आप तो बहुत बलवान दिखाई देते हो । मैं आपसे विनती करता हूं, कृपया आप ही मेरी पूंछ मार्ग से हटा दो और अपना मार्ग बना लो ।' यह सुनकर भीम को बहुत गुस्सा आया । वे फिर घमंड से बोले, 'ए वानर मैं तेरी मैली पूंछ को हाथ नहीं लगाऊंगा जल्दी से अपनी पूंछ को मेरे मार्ग से हटा लो । वानर बोला, भैया मैं तो बहुत कमजोर हूं अपनी पूंछ नहीं हटा पाऊंगा कृपया तुम अपनी गदा से ही मेरी पूंछ हटा दो । यह सुनकर भीम बोले, यदि 'मेरी गदा से तुम्हारी पूंछ टूट गई तो ' वानर हंसकर बोला, 'और यदि मेरी पूंछ हटाते समय तुम्हारी गदा ही टूट जाए तो ' वानर की यह बात सुनकर भीम को बहुत गुस्सा आया और भीम आग बबूला हो उठे, उन्हें लगा कि वह वानर उनका मजाक उडा रहा है । घमंड के कारण भीम अपने गुस्से को काबू में न कर पाए और गुस्से में आकर गदा से ही पूंछ को हटाने का प्रयास करने लगे, किंतु पूंछ तो टस से मस नहीं हो रही थी । अब भीम ने क्या किया कि गदा वानर के पूंछ के नीचे लगाई और गदा से उसे हटाने का प्रयास किया फिर भी पूंछ थोडी सी भी नहीं हिली । भीम ने अपनी पूरी शक्ति लगाकर पूंछ हटाने का प्रयास किया । प्रयास करते करते भीम थक गए, परंतु पूंछ जरा सी भी नहीं हिली । पूछ उठाने के चक्कर में भीम की गदा ही अब उस वानर की पूंछ के नीचे अटक गई । पूछ उठाना तो दूर अब तो गदा को भी निकलना कठिन हो गया । भीम को अपनी इस गलती का अहसास हो गया । वह समझ गए कि यह कोई साधारण वानर नहीं है क्योंकि अपनी पूरी ताकत लगाने पर भी मैं इनकी पूंछ नहीं हटा पा रहा हूं, भीम तुरंत ही उस वानर के सामने हाथ जोडकर उनके चरणों में पड गए और वानर से पूंछा, 'महाशय, आप कोई साधारण वानर नहीं हैं । आप कौन हैं  कृपया आप अपना परिचय दीजिए । वानर बोला, 'मैं श्रीराम भक्त हनुमान हूं ।' यह कहकर भीम के सामने हनुमानजी का विशाल रूप प्रकट हो गया । भीम ने हनुमानजी को प्रणाम किया और कहा, ''क्षमा करें महाबली मैं आपको नहीं पहचान पाया

# आर्थिक चुनौती बनी वैश्विक अस्थिरता

भारत इस समय व्यापक आर्थिक कायाकल्प एवं ऊंची जीडीपी वृद्धि के दौर से गुजर रहा है। उसने अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने से पहले तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। इस राह में वैश्विक गतिरोधों से निपटना केवल कूटनीतिक कवायद नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, भू-राजनीतिक घेराबंदी की काट और आर्थिक हैसियत सुनिश्चित करने से जुड़ी रणनीतिक अनिवार्यता है। ऊर्जा सुरक्षा और भू-राजनीतिक घेराबंदी की काट में आर्थिक हैसियत की बड़ी अहम भूमिका होती है और यह स्थिति निरंतर आर्थिक वृद्धि, दृढ़ता एवं लचीलेपन और विशिष्ट उत्पादों के लिए व्यापक वैश्विक बाजारों में पैठ से हासिल होती है। निसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था जीवंत एवं गतिशीलता से परिपूर्ण है, लेकिन वैश्विक एकीकरण के मामले में चुनौतियां अभी भी कायम हैं। अगर भारत की क्षमताओं और कमजोरियों की चर्चा करें तो मजबूत घरेलू मांग, बड़ी संख्या में कामकाजी आबादी, वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं सेवा क्षेत्र में गहरी पैठ, विविधतापूर्ण आर्थिक आधार तथा रणनीतिक भौगोलिक स्थिति इसकी प्रमुख शक्ति यां हैं। जबकि निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता, तेल, इलेक्ट्रानिक घटकों और पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर




आधुनिक वैश्विक आर्थिक ढांचे के निर्माण में वाशिंगटन कन्सेंसस की अहम भूमिका रही है। 1989 में बनी इस सहमति ने नियम आधारित तंत्र के साथ ही नव-उदारवाद और बाजारोन्मुखी आर्थिक नीतियों की राह तैयार करने का काम किया। इसने पूंजी और व्यापार के मुक्त प्रवाह को सुगम बनाया। यह नया आर्थिक ढांचा वृहद स्थिरता (ग्रेट मॉडरेशन) के तौर पर रूपांतरित हुआ।

2007 तक चला यह दौर सभी अर्थव्यवस्थाओं विशेषकर विकसित देशों में स्थायित्व से परिपूर्ण आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ ही करोड़ों लोगों को गरीबी के दुष्चर्  से बाहर निकालने वाला रहा। समय के साथ एकध्रुवीय व्यवस्था में नई तरह के ध्रुव भी उभरने लगे। बढ़ते संरक्षणवाद, बहुध्रुवीयता पर आघात, नियम-आधारित व्यवस्था से विचलन और भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विताओं के साथ वैश्विक आर्थिक ढांचा अनिश्चितता के एक दौर में दाखिल हो चुका है। मनमानापन, संरक्षणवाद और संस्थागत संशय नई वैश्विक व्यवस्था की विशेष पहलू बनते जा रहे हैं। इसमें विश्व व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसे स्थापित निकाय उपेक्षा के शिकार हैं।

भारत इस समय व्यापक आर्थिक कायाकल्प एवं ऊंची जीडीपी वृद्धि के दौर से गुजर रहा है। उसने अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने से पहले तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। इस राह में वैश्विक गतिरोधों से निपटना केवल कूटनीतिक कवायद नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, भू-राजनीतिक घेराबंदी की काट और आर्थिक हैसियत सुनिश्चित करने से जुड़ी रणनीतिक अनिवार्यता है। ऊर्जा सुरक्षा और भू-राजनीतिक घेराबंदी की काट में आर्थिक हैसियत की बड़ी अहम भूमिका होती है और यह स्थिति निरंतर आर्थिक वृद्धि, दृढ़ता एवं लचीलेपन और विशिष्ट उत्पादों के लिए व्यापक वैश्विक बाजारों में पैठ से हासिल होती है। निसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था जीवंत एवं गतिशीलता से परिपूर्ण है, लेकिन वैश्विक एकीकरण के मामले में चुनौतियां अभी भी कायम हैं।

अगर भारत की क्षमताओं और कमजोरियों की चर्चा करें तो मजबूत घरेलू मांग, बड़ी संख्या में कामकाजी आबादी, वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं सेवा क्षेत्र में गहरी पैठ, विविधतापूर्ण आर्थिक आधार तथा रणनीतिक भौगोलिक स्थिति इसकी प्रमुख शक्तियां हैं। जबकि निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता, तेल, इलेक्ट्रानिक घटकों और पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर भारी निर्भरता उसकी कमजोरियों में हैं।

नीतिगत निरंतरता को लेकर संदेह का भाव और वृद्धि के अनुमानों के वित्तपोषण के लिए वित्तीय तंत्र की क्षमताओं को लेकर भी सवाल उठते हैं। चीन से आयात पर निर्भरता के भी बड़े जोखिम हैं। उसे कम करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला के साझेदारों में विविधता लाना, निर्यात प्रतिस्थापन को प्रोत्साहित करना और लचीले विनिर्माण क्लस्टरों का निर्माण करना उपयोगी साबित हो सकता है। यह भी न भूला जाए कि तीव्र आर्थिक व्यवधानों से निपटने के लिए एक बहुआयामी रणनीति आवश्यक है, जो आर्थिक लचीलेपन को सुदृढ़ करने, बाहरी साझेदारियों का विस्तार करने और घरेलू संस्थाओं को मजबूत बनाने में मददगार हो।

यह कोई छिपी बात नहीं कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और ग्रामीण विकास में ढांचागत असमानताओं को दूर करना आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने में सहायक होगा। इससे घरेलू मांग और सामाजिक स्थिरता की स्थिति भी सुधरेगी। सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, किंतु अब निजी क्षेत्र के निवेश को भी तेज करना अनिवार्य हो गया है। निवेश से अधिकतम वैल्यू रि एशन के लिए सार्वजनिक-निजी साझेदारी यानी पीपीपी की संकल्पना को नए सिरे से निर्धारित करना होगा। हाल में किए गए श्रम सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के साथ ही अब भू सुधारों का समय भी आ गया है।

यह बताने की आवश्यकता ही नहीं कि उद्योगीकरण में भूमि अधिग्रहण कितना बड़ा अवरोध बना हुआ है। प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाने के लिए वैश्विक मूल्य शृंखला में भागीदारी आवश्यक है, जिसके लिए उत्पादन क्षमता में वृद्धि, गुणवत्ता में सुधार, व्यापार सुगमता को सरल बनाना और निर्यात प्रोत्साहन जैसे कदम जरूरी हैं। वस्त्र, चमड़ा उत्पाद और खाद्य प्रसंस्करण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में मेगा पार्क स्थापित करने के सरकारी प्रस्ताव को शीघ्रता से लागू किया जाना चाहिए, ताकि मात्रात्मक अर्थव्यवस्था, अनुसंधान एवं विकास में निवेश के माध्यम से लागत घटे और गुणवत्ता में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त, भारत को अपने निर्यात उत्पादों के दायरे में भी विविधता लानी होगी। इस दौरान भारत की आर्थिक नीतियों का केंद्र भी प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्तियों के साथ और संतुलन स्थापित करने पर होना चाहिए।

न्यायपालिका और लोक प्रशासन जैसी भारत की प्रमुख संस्थाएं लंबे समय से सुधारों की प्रतीक्षा में हैं। बेहद प्रतिस्पर्धी हो चुके विश्व में अनुबंधों के रि यान्वयन में असामान्य देरी, ऊंची लागत और प्रशासनिक बाधाएं अब और स्वीकार नहीं की जा सकतीं। इसके अतिरिक्त, लचीले वित्तीय नियामकीय ढांचे और डिजिटल अर्थव्यवस्था से जुड़े नियमों को वैश्विक प्रवृत्तियों के अनुरूप भी विकसित होना होगा। हमें बाहरी गतिरोधों के प्रति त्वरित प्रतिरि या देने की क्षमताएं भी विकसित करनी होंगीं। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य यही संकेत करता है कि दुनिया को अभी कुछ समय तक वैश्विक प्रतिद्वंद्विताओं, संरक्षणवाद, संस्थागत अस्थिरता और इन सबसे उपजे संकटों से जूझना पड़ेगा।

# अब दिल्ली को भी मिले इंद्रप्रस्थ नाम

इतिहासकार हेनरी हार्डी कोल और एलेक्जेंडर कनिंघम ने भी इसे भारत की प्रारंभिक शहरी बसावटों में से एक माना है। महाभारत के सभा पर्व में वर्णित है कि इंद्रप्रस्थ एक सुयोजित नगर था, जहां समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया था। यह नगर काशी जैसे अन्य धार्मिक केंद्रों से व्यवस्थित सड़कों द्वारा जुड़ा था। बौद्ध परंपराओं में उल्लेख है कि बुद्ध का उस्तरा और सुई भी इंद्रपत्त (इंद्रप्रस्थ) में स्थापित किए गए थे, जो इसके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। इसके विपरीत दिल्ली नाम की उत्पत्ति लोककथाओं में राजा ढेलू से जोड़ी जाती है। कहा जाता है कि उन्होंने महरौली स्थित पवित्र विष्णुगिरि लौह स्तंभ (जो शासन की स्थिरता का प्रतीक था) की स्थिति को परखने का प्रयास किया। इस प्रि या में वास्तु के प्रतीक नागदेव को चोट पहुंची और स्तंभ की कील ढीली हो गई।

हाल में केरल का नाम बदलकर केरलम किए जाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का नाम इंद्रप्रस्थ करने की मांग ने नया उत्साह पैदा किया है। यह विचार पहले मुख्यतः राष्ट्रवादी विमर्श तक सीमित था। यह 2016 में पुराने पांडव किला में आयोजित प्रथम इंद्रप्रस्थ महोत्सव के दौरान व्यापक रूप से सार्वजनिक मंच पर सामने आया। इस कार्यर् म का आयोजन द्रौपदी ड्रीम ट्रस्ट द्वारा किया गया था और इसे भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय का समर्थन प्राप्त था। इसके बाद से यह विषय सार्वजनिक और राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनता रहा। राजधानी का प्राचीन नाम इंद्रप्रस्थ सनातन परंपरा में गहराई से निहित है और दिल्ली को राजा ढेलू की एक छोटी बस्ती से संबंधित माना जाता है।

संस्कृत में प्रस्थ का अर्थ समतल भूभाग (पठार) भी होता है। इस प्रकार इंद्रप्रस्थ केवल एक प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिदृश्य के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। यह नाम उस कालखंड का प्रतीक है जब सत्ता और न्याय का आधार धर्म हुआ करता था। भगवान श्रीकृष्ण ने इस क्षेत्र की प्राचीन पवित्रता को देखते हुए इसे पांडव राज्य की स्थापना के लिए चुना। महाभारत के अनुसार, युधिष्ठिर ने यमुना में स्नान कर राजसूय यज्ञ संपन्न किया और इंद्रप्रस्थ के चर् वर्ती सम्राट बने। स्वामी दयानंद के शोध और राजस्थान के नाथद्वारा मंदिर के अभिलेखों के अनुसार सम्राट युधिष्ठिर से लेकर सम्राट यशपाल तक लगभग 124 आर्य शासकों ने यहां 4,157 वर्षों तक निरंतर शासन किया, जिसमें प्रत्येक का औसत शासनकाल लगभग 39 वर्ष रहा।

इतिहासकार हेनरी हार्डी कोल और एलेक्जेंडर कनिंघम ने भी इसे भारत की प्रारंभिक शहरी बसावटों में से एक माना है। महाभारत के सभा पर्व में वर्णित है कि इंद्रप्रस्थ एक सुयोजित नगर था, जहां समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया था। यह नगर काशी जैसे अन्य धार्मिक केंद्रों



से व्यवस्थित सड़कों द्वारा जुड़ा था। बौद्ध परंपराओं में उल्लेख है कि बुद्ध का उस्तरा और सुई भी इंद्रपत्त (इंद्रप्रस्थ) में स्थापित किए गए थे, जो इसके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। इसके विपरीत दिल्ली नाम की उत्पत्ति लोककथाओं में राजा ढेलू से जोड़ी जाती है। कहा जाता है कि उन्होंने महरौली स्थित पवित्र विष्णुगिरि लौह स्तंभ (जो शासन की स्थिरता का प्रतीक था) की स्थिति को परखने का प्रयास किया।

इस प्रि या में वास्तु के प्रतीक नागदेव को चोट पहुंची और स्तंभ की कील ढीली हो गई। इसी ढीली किल्ली से ढिल्लिका और कालांतर में दिल्ली शब्द निकला। विडंबना यह रही कि स्थिरता के प्रतीक से जुड़ी इस घटना ने एक ऐसे नाम को जन्म दिया, जो इतिहास में अस्थिरता और अशांति की गाथा बन गया।

जो भूमि पहले आध्यात्मिक, पूजनीय थी, वह धीरे-धीरे केवल धन-संपन्न प्रदेश के रूप में देखी जाने लगी, जिससे विदेशी आर् मणकारियों की गिद्ध दृष्टि इस पर पड़ी। मुहम्मद गोरी से लेकर नादिर शाह और अंग्रेजों तक दिल्ली बार-बार आर् मणों, लूट और विनाश का केंद्र बनी। इन आर् मणों का मुख्य उद्देश्य संपदा का दोहन और भारत की वैदिक ज्ञान परंपरा को खंडित करना था। यह स्थिति उस स्वर्णकाल से भिन्न थी, जब विदेशी यात्री यहां केवल ज्ञान प्राप्त करने और संवाद करने आते थे।

ब्रिटिश काल में जब राजधानी कलकत्ता से दिल्ली लाई गई, तब लुटियंस की दिल्ली के निर्माण में प्राचीन इंद्रप्रस्थ की नगर-योजना का अध्ययन तो किया गया, लेकिन इसी दौरान कई प्राचीन संरचनाओं को मलबे में दबा दिया गया। 1913 की अधिसूचना द्वारा इंद्रप्रस्थ की ऐतिहासिक सीमा को अत्यंत सीमित कर केवल पुराना किला तक समेट दिया गया। 1925-26 की पुरातत्व रिपोर्टों में यहां राजा भोज और राजा सोहनलाल के मंदिर-लेखों का मिलना इस क्षेत्र पर भारतीय शासकों के लंबे नियंत्रण की पुष्टि करता है।

# कमजोर सिद्ध होते ट्रंप

अमेरिका की ओर से इजरायल के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध जिस तरह चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया, उससे यही लगता है कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान की सैन्य क्षमता का आकलन सही तरह नहीं किया। इसका प्रमाण केवल यह नहीं है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है, बल्कि यह भी है कि वह इजरायल और अमेरिका के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है, जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी। लगता है अमेरिका और इजरायल यह मानकर चल रहे थे कि जैसे पिछले वर्ष जून में उनके हमलों के सामने ईरान दो सप्ताह के अंदर ही एक तरह से पस्त पड़ गया था, वैसे ही इस बार भी पड़ जाएगा। यह साफ है कि ईरान ने



इस आकलन को विफल कर दिया। इसका कारण यही हो सकता है कि उसने पिछले वर्ष अमेरिका एवं इजरायल के हमलों का सामना करने के बाद अपनी सैन्य तैयारियों पर खासा जोर दिया और कहीं अधिक व्यापक मारक क्षमता विकसित की। यह भी स्पष्ट ही है कि अमेरिका और इजरायल यह नहीं भांप सके कि ईरान लड़ाई को विस्तार देने के लिए खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों के साथ वहां के ऊर्जा स्रोतों को भी निशाना बनाकर तेल एवं गैस संकट पैदा कर सकता है। ईरान जिस तरह युद्ध को लंबा खींचने और उसे विस्तार देने में सक्षम है, उससे यही पता चलता है कि अमेरिका और इजरायल उसे लेकर मुगालते में रहे। ऐसा तभी होता है जब कोई अपनी रणनीति और सैन्य क्षमता को लेकर अति आत्मविश्वास अथवा अहंकार से ग्रस्त हो। इसमें संदेह नहीं कि ट्रंप अहंकार से भरे शासनाध्यक्ष हैं। शायद वेनेजुएला में आनन-फानन तख्तापलट करने में सक्षम रहने के बाद उनका अहंकार और बढ़ गया और इसीलिए उन्होंने इजरायल संग ईरान पर हमला बोल दिया। अब वे इसकी कीमत चुकाते दिख रहे हैं। वे भले ही खुद को सबसे शक्तिशाली शासनाध्यक्ष दर्शा रहे हों, लेकिन ईरान पर हमले के बाद ऊर्जा संकट गहराने के पश्चात उन्हें जिस तरह रूस से तेल खरीदने की अनुमति देनी पड़ी, वह उनकी कमजोरी का ही परिचायक रहा। नाटो देशों का उनकी मदद के लिए आगे न आना और अब उनकी ओर से यह कहना भी उनकी कमजोरी को ही बयान करता है कि अमेरिका इस युद्ध में अपने तय किए गए लक्ष्यों के काफी करीब पहुंच चुका है और वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों को कम करने पर विचार कर रहे हैं।



## राजकुमार राव की अगली फिल्म 'रफ्तार' में कीर्ति सुरेश होंगी फीमेल लीड

**राजकुमार राव आखिरी बार फिल्म 'मालिक' में खूंखार लुक में नजर आए थे। अब उनकी आने वाली फिल्म अनाउंसमेंट हो गई है। एक्टर और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की।**

राजकुमार राव अगली फिल्म 'रफ्तार' में नजर आएंगे। उनके साथ साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश लीड रोल में होंगी। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं, जबकि इसे राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा अपने बैनर कम्पा फिल्म के तहत प्रोड्यूस कर रही हैं।

फिल्म की कहानी तेजी से बढ़ती स्टार्टअप की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें एक ऐसे लड़के और लड़की की कहानी दिखाई जाएगी जो सफलता पाने के लिए बहुत महत्वाकांक्षी हैं। जैसे-जैसे पैसा, ताकत और लालच बढ़ता है, वैसे-वैसे उनके रिश्ते की भी परीक्षा होने लगती है। बताया जा रहा है कि फिल्म भारत के कॉमर्शियल एजुकेशन सिस्टम पर एक सटायर भी है, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे कई बार ज्ञान से ज्यादा मुनाफे को अहमियत दी जाती है। कहानी यह सवाल भी उठाती है कि सफलता पाने की कीमत क्या होती है और क्या वह कीमत सच में सही है।

जैसे ही पोस्ट शेयर की गई, उसके बाद से ही फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। फिल्म के नाम को देखकर लोग कयास लगा रहे हैं कि ये रैपर रफ्तार की बायोपिक है, और लोग बड़े उत्साह से कमेंट में रैपर रफ्तार की तारीफें कर रहे हैं। हालांकि अभी ऐसी कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है, जिसमें ऐसा जिक्र किया गया हो कि ये मूवी रैपर रफ्तार की जिंदगी पर आधारित होगी।

### कब रिलीज होगी मूवी?

इस फिल्म में राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश के अलावा तान्या मानिकतला, रजत कपूर, अनुराग ठाकुर और रोहन वर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## 'सरके चुनर' विवाद से नोरा ने पल्ला झाड़ा

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मीडिया से हटा लिया है। नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है।

### नोरा की पोस्ट में क्या है?

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है।' उन्होंने आगे कहा 'मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।'

### गाने के बारे में नहीं थी जानकारी

उन्होंने आगे कहा 'मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' यह गाना 3 साल पहले कन्नड़ भाषा में शूट किया गया था।

### लेखक ने झाड़ा पल्ला

ख्याल रहे कि गाने पर विवाद होने के बाद इसके लेखक रकीब आलम ने भी विवाद से अपना पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने कहा कि वह इस गाने को नहीं लिखना चाहते थे, निर्देशक के कहने पर कन्नड़ में लिखे गाने को वर्ड टू वर्ड ट्रांस्लेट किया है।

### पहला गाना विवादों में

इस गाने को सिंगर मंगली ने गाया है। वह साउथ की सिंगर हैं। उन्होंने इस गाने से हिंदी में डेब्यू किया था, हालांकि उनका पहला ही गाना विवादों में आ गया।




## 80 करोड़ में बिके अक्षय और सैफ की 'हैवान' के राइट्स

अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' 2026 की चर्चित रिलीज में शामिल है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। हाल ही में खबर आई थी कि सोनी नेटवर्क ने फिल्म के सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स हासिल कर लिए हैं। नई जानकारी के मुताबिक इस फिल्म के नॉन-थिएट्रिकल राइट्स 80 करोड़ रुपए की बड़ी रकम में बेचे गए हैं। सूत्रों के अनुसार... 'फिल्म को लेकर बाजार में उत्साह था और कई प्लेटफॉर्म्स इसे खरीदने की होड़ में थे। हालांकि सबसे ऊंची बोली सोनी नेटवर्क की रही, जिसने 80 करोड़ रुपए में सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स अपने नाम किए। इस डील के साथ ही फिल्म की टीम अपनी लागत का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पहले ही वसूल कर चुकी है। फिल्म की रिलीज अगस्त महीने में हो सकती है। मेकर्स इसे किसी बड़ी टक्कर से बचाते हुए सोलो रिलीज देना चाहते हैं, ताकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर साफ रन मिल सके।'




## सलमान की 'बैटल ऑफ गलवां' का बदला नाम

सलमान खान की आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म का नाम ही बदल दिया है। अब सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के नाम से रिलीज नहीं होगी। इसकी जानकारी देते हुए मेकर्स ने फिल्म के नए नाम की भी घोषणा कर दी है।

### मेकर्स ने बताया नया नाम

फिल्म के लीड एक्टर और प्रोड्यूसर सलमान खान ने आज फिल्म के नए नाम के साथ एक नया पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में सलमान खान सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। इंटेंस लुक में सलमान खान की आंखें दिख रही हैं, जिनमें गुस्सा और जोश नजर आ रहा है। उनके चेहरे पर खून लगा हुआ और वो मोटी जंजीर से बंधी एक लकड़ी को पकड़े दिख रहे हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में युद्ध के दौरान सैनिक नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को साझा करते ही मेकर्स ने फिल्म का नया नाम भी रिवील कर दिया है। अब यह फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' के नाम से रिलीज होगी।

### क्या आगे बढ़ गई रिलीज डेट?

'बैटल ऑफ गलवां' 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि सलमान खान ने नाम बदलने वाली जो पोस्ट साझा की है, उसमें कहीं भी फिल्म की रिलीज डेट नजर नहीं आ रही है। न ही फिल्म के पोस्टर पर और न ही कैप्शन में कहीं भी 17 अप्रैल या कोई भी रिलीज डेट नहीं दिख रही है। इसके बाद अब सवाल ये भी उठता है कि क्या फिल्म की रिलीज डेट भी आगे बढ़ गई है?

### अपूर्व लाखिया ने किया निर्देशन

'मातृभूमि' का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। जबकि फिल्म को सलमान खान फिल्म्स द्वारा के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में गोविंदा के भी नजर आने की संभावना है। यह फिल्म 2020 के दौरान गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है।

## मुश्किल वक्त को खुद पर हावी नहीं होने देता

मुश्किल दौर से हाल ही में निकले कमीडियन व अभिनेता राजपाल यादव ने मुश्किल समय में अपनी भावनात्मक मजबूती और सकारात्मक सोच के बारे में खुलकर बात की। पिछले कुछ महीनों से चल रहे कानूनी मामलों और निजी परेशानियों के बावजूद एक्टर ने हिम्मत नहीं हारी और काम पर पूरा फोकस रखा। आईएएनएस से खास बातचीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर अपनी राय रखी। राजपाल यादव से पूछा गया कि क्या ये चुनौतियां उनके काम और मनोबल पर असर डालती हैं। तो उन्होंने बताया, 'हर दिन एक नई शुरुआत होती है। हर दिन काम का दिन होता है। हर दिन एक नया दिन होता है।'

एक्टर ने कहा कि वह मुश्किलों को खुद पर हावी नहीं होने देते, बल्कि हर सुबह नई उम्मीद के साथ उठते हैं और अपनी कला पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने बातचीत में सकारात्मकता के लिए ईश्वर का आभार भी जताया। राजपाल यादव ने कहा, 'भगवान सबका भला करे। आजादी से सब सांस लें।' इससे पहले एक्टर ने बताया था कि वह जज के सामने कभी नहीं रोए और न ही कोर्ट को कभी बताया कि उनके पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रहे दावों को पूरी तरह मनगढ़ंत और गलत बताया। राजपाल ने बताया कि ऐसी खबरें फैलाने वाले ज्यादातर वे लोग हैं जिन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। वे बस इंटरनेट पर फैक्ट्स को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं और अपनी दुकानें चला रहे हैं।



## निकिता दत्ता ने जुबीन नौटियाल से शादी की खबरों पर की बात



कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं।

बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है।

बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं। हालांकि, अब निकिता ने साफ तौर पर तो शादी के सवाल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन उन्होंने अफवाहों और पीआर गेम की बात करते हुए इशारों में इसे गप्प बता दिया।





## डकैत के बाद 'जी2' पर जुटेंगे अदिवि शेष स्पाई ड्रामा 'जी3' भी हो सकती है अनाउंस

भारतीय सिनेमा में क्रॉस-इंडस्ट्री कोलैबोरेशन का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। इस वक्त जिस जोड़ी पर सबसे ज्यादा नजरें टिकी हैं, वह है मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की। दोनों की अपकमिंग फिल्म 'डकैत: ए लव स्टोरी' को लेकर चर्चाएं तेज हैं, लेकिन सूत्र बताते हैं कि यह कोलैबोरेशन केवल एक फिल्म तक सीमित नहीं रहने वाली बल्कि सूत्रों की मानें तो 'डकैत' की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से प्रभावित एक बड़े प्रोडक्शन हाउस ने मृणाल और अदिवि को 2027 की एक और फिल्म के लिए अप्रोच किया है। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक चला, तो 'डकैत' से शुरू हुआ यह कोलैबोरेशन आने वाले वर्षों में पैन-इंडिया सिनेमा का बड़ा अध्याय साबित हो सकता है। फिलहाल प्रोजेक्ट का नाम सामने नहीं आया है।

### एनामॉर्फिक लेंस पर गोल्डन पैलेट में शूट हुई है फिल्म

फिल्म 'डकैत' की शूटिंग ग्रामीण लोकेशन्स और विशाल सेट्स पर की गई है, जो 70-80 के दशक के चंबल के बीहड़ों की याद दिलाते हैं। क्लाइमैक्स का एक बड़ा एक्शन सीन, जिसमें अदिवि घायल हुए थे, फिल्म का टर्निंग पॉइंट होगा। यह हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और देसी हथियारों वाला रॉ एक्शन सीन है। सिनेमैटोग्राफी शिनिएल देओ संभाल रहे हैं। वह इसे डस्टी और गोल्डन पैलेट के साथ एनामॉर्फिक लेंस पर शूट कर रहे हैं। 'डकैत' के संगीत के लिए अमित त्रिवेदी या हर्षवर्धन रामेश्वर के नाम पर चर्चा है। इसमें चंबल और बुंदेलखंड के कई स्थानीय थिएटर आर्टिस्ट्स को भी कास्ट किया गया है।

### 'मेजर 2' पर भी शुरू हो सकता है काम

'डकैत' के तुरंत बाद अदिवि शेष अपनी स्पाई फ्रेंचाइज 'जी2' (गुडाचारी 2) पर फोकस करेंगे। यह फिल्म उनकी चर्चित स्पाई फिल्म 'गुडाचारी' की सीक्वल है और 1 मई 2026 को रिलीज के लिए शेड्यूल बताई जा रही है। चर्चा है कि 2027 की शुरुआत में इसके तीसरे पार्ट या बड़े स्पिन-ऑफ की घोषणा भी हो सकती है। 'जी2' में अदिवि के साथ वमिका गब्बी नजर आएंगी। फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि इन दो बड़ी रिलीज के बाद अदिवि 2027 में किसी मेगा बजट प्रोजेक्ट संभवत: 'मेजर 2' पर भी काम शुरू कर सकते हैं।

### बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर बुनी गई एक इमोशनल लव स्टोरी है 'डकैत'

'डकैत' को सिर्फ एक एक्शन-रोमांस कहना इसके साथ नाइंसाफी होगी। यह बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर बुनी गई एक इमोशनल लव स्टोरी है, जिसकी संभावित टैगलाइन 'प्यार और बारूद के बीच की कहानी' बताई जा रही है। फिल्म में अदिवि एक ऐसे शख्स की भूमिका में हैं जो हालातों के चलते हथियार उठाने पर मजबूर होता है। उनका लुक सूटेड-बूटेड स्पाई इमेज से बिल्कुल अलग बढ़ी दाढ़ी, बिखरे बाल और खादी के कुर्ते वाला रखा गया है। वहीं मृणाल पारंपरिक एथनिक अंदाज में नजर आएंगी, लेकिन उनका किरदार महज प्रेमिका का नहीं, बल्कि कहानी की मजबूत कोर का है।



शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
23 मार्च, 2026

# बड़ागांव में शाही अंदाज में निकली गणगौर सवारी, हाथी-घोड़े के साथ उमड़ा आस्था का सैलाब

## छह गणगौर और एक ईश्वर की भव्य शोभायात्रा, मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू/बड़ागांव(निस)।** क्षेत्र में गणगौर पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ मनाया गया। बड़ागांव में इस अवसर पर छह गणगौर और एक ईश्वर की शाही सवारी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रामनिवास सिंह बड़ागांव ने बताया कि गांव के दो परिवारों की छह महिलाओं ने गणगौर उजनी। इन महिलाओं ने अपनी-अपनी गणगौर प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से सजाकर गोपीनाथ जी के मंदिर पहुंचाया, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शाही सवारी का शुभारंभ हुआ।



### मुख्य बाजार से होते हुए पार्क तक पहुंची सवारी

भव्य शोभायात्रा गांव के मुख्य बाजार मार्ग से गुजरते हुए राव शेखाजी के पार्क पहुंची। यहां आसपास के गांवों से आई महिलाओं ने गणगौर को प्रसाद अर्पित कर मंगल गीत गाए, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इसके बाद सवारी डुलावा की ढाणी स्थित गणगौर के कुएं पर पहुंची, जहां पारंपरिक विधि से गणगौर को कुएं का फेरा दिलाया गया। हाथ से निर्मित गणगौर प्रतिमाओं का विधिपूर्वक कुएं में समागम कराया गया। इस अनुष्ठान को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### हाथी-घोड़े और बैंडबाजे ने बढ़ाई शाही छटा

कार्यर्ॠ म के दौरान राजपूत समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में हाथी, घोड़े और ऊंट के साथ शाही अंदाज में सवारी निकाली। बैंडबाजे की मधुर धुनों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। महिलाओं ने गणगौर प्रतिमाओं को सोने-चांदी के आभूषणों से सजाकर सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत प्रदर्शन किया।

### मेले में उमड़ी भीड़, झूले और दुकानें बने आकर्षण

शोभायात्रा के पश्चात गांव के मुख्य बाजार में विशाल मेले का आयोजन हुआ। मेले में आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। विभिन्न प्रकार की दुकानों और झूलों ने बच्चों और महिलाओं को विशेष आकर्षित किया। कार्यर्ॠ म का समापन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक हुआ।

### संस्कृति और परम्परा का जीवंत दृश्य

बड़ागांव का गणगौर महोत्सव केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और गौरव का जीवंत उदाहरण बन चुका है, जो हर वर्ष लोगों में नई आस्था और उत्साह का संचार करता है। कार्यर्ॠ म में सूबेदार आजादसिंह शेखावत, समाजसेवी रणवीरसिंह, डॉ. किशनसिंह शेखावत, देशराजसिंह, पंचायत समिति सदस्य दीपेंद्रसिंह शेखावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह शेखावत सहित कई नागरिक मौजूद रहे। इसके अलावा राजकुमारसिंह, दिलीपसिंह, सार्दुलसिंह, शिवराजसिंह, अर्जुनसिंह, भवानीसिंह, गोविंदसिंह, नारायणसिंह, अंकुरसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## बीदासर में रक्तदान शिविर आयोजित, 125 यूनिट रक्त संग्रहण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के सेठ दुलीचंद सेठिया राजकीय विद्यालय में रविवार को भगत सिंह गौ चिकित्सालय व गौशाला समिति के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष नोरतन जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि बीकानेर स्थित पीबीएम अस्पताल की ब्लड बैंक टीम की ओर से कुल 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं सहित समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाणपत्र, पौधे व पक्षीघर भेंट किए गए। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य बताया। इस दौरान रौनक तेजस्वी, तरुण माली, अभय सिंह, देवाराम साहू,गणेश भाकर, राम जांगिड, बहादुर सिंह, जितु सिंह, विक्रम आदि कार्यकर्ता सेवा दी।

## शिवम सुंदर कांड सेवा समिति की बैठक, लक्ष्मीपत सोनी बने अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर 11 स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में रविवार को शिवम सुंदर कांड सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक समिति के अध्यक्ष दीपक सांखल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से लक्ष्मीपत सोनी को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते हुए समिति के कार्यों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुरेश कंदोई, गोपाल प्रजापत, विजय सिंह राजपुरोहित, ब्रजमोहन नामदेव, बालकिशन शर्मा, विशाल सोनी, चंद्रप्रकाश प्रजापत तथा मंदिर पुजारी सुधीर पांडे सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष ने किए तिरूपति बालाजी के दर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लोजपा पार्टी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष एस के मिश्रा के सुजानगढ़ आगमन पर गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने उनका स्वागत किया। मिश्रा ने स्थानीय तिरूपति बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की और मंदिर की भव्य शिल्पकला को अद्भुत बताया। इसी प्रकार गांधी आश्रम में भी मिश्रा का सुभाष बैदी, कैलाश सुरोलिया सहित अनेक लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## अवैध डोडा पोस्त के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मेगा हाईवे पर एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, तो पशु आहार के बीच में छुपा कर रखे हुए 46 किलो 690 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिले हैं। प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त बरामद करके भानीपुरा निवासी आरोपी सांवरनाथ सिद्ध पुत्र हरचंद, मामराज सिद्ध पुत्र भगवान नाथ को गिरफ्तार कर लिया है और ट्रक को भी जप्त कर लिया है। कार्यवाही करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर पप्पूराम, कांस्टेबल विद्याधर, रामस्वरूप, गजेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि का आज मण्डावा दौरा

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** भाजपा नगर मण्डल, मण्डावा की ओर से सोमवार को सुबह 11 बजे नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत - भवन में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मण्डावा क्षेत्र के प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि शिरकत करेगी। प्रशिक्षण वर्ग का उदघाटन पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार करेंगे। यह जानकारी मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी व पूर्व पार्षद संदीप परिहार ने दी।

## देश के परिवेश में पुस्तक का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि बाल साहित्य वर्तमान युग की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में पुस्तकें पढ़ने की आदत का विकास बाल साहित्यिक पुस्तकों के माध्यम से हो सकता है। डॉ. घनश्याम नाथ विगत दिवस भारतीय साहित्य विकास न्यास व श्री जागृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ कवि डॉ. हस्तीमल आर्य 'हस्ती' के बाल काव्य संग्रह -देश के परिवेश में के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। जोधपुर के डॉ. सावित्री मदन डागा साहित्य भवन में हुए इस समारोह में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने लेखक डॉ. हस्तीमल आर्य 'हस्ती' की पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इसमें एक चिकित्सक होने के नाते डॉ. आर्य ने बाल मनोविज्ञान का बहुत ध्यान रखा हैं। उन्होंने आगंतुकों से कहा कि बच्चों से अपनी मातृभाषा में बात करने की आदत डालने से हम उनके विरासतन सांस्कृतिक संस्कारों का संरक्षण कर सकेंगे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार सत्यदेव संवितेन्द्र ने कहा कि बच्चों का साहित्य वह पूंजी है, जिससे राष्ट्र का निर्माण होता है। विशिष्ट अतिथि संगीत नाटक अकादमी के पूर्व सचिव रंगकर्मी महेश कुमार पंवार ने कहा कि 'देश के परिवेश में पुस्तक की संस्कारवान कविताएं बाल मन का सुलभ चित्रण हैं। पुस्तक पर डॉ. विकास आर्य, शिशु हृदयरोग विशेषज्ञ ने पत्रवाचन किया। समारोह में मंचस्थ प्रसिद्ध लोक गायक कालूराम प्रजापति ने भी अपना सान्निध्य प्रदान किया। समारोह का संचालन मनशाह नायक ने किया। अन्त में श्री जागृति संस्था के अध्यक्ष राजेश भेरवानी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जाने माने साहित्यकार, शिक्षाविद् डॉ. प्रगति गुप्ता, चांदकौर जोशी, हंसराज बारासा, जागृति के सचिव हर्षद भाटी, के.के. लालस, धर्मपाल बिस्सा, सुषमा चैहान, नीलम व्यास 'स्वयंसिद्धा, एडवोकेट प्रशांत आर्य, एडवोकेट निंबावत, डॉ. मनीषा, डागा, सूर्यप्रकाश वर्मा हंसराज चैहान, रमा आर्य, जितेन्द्र जालोरी, ताराराम बौद्ध, डॉ. कविता डागा, के.के. लालस, बसन्ती पंवार, सुरभि खत्री, लुभास राठौड़, हरि प्रकाश पिपरालिया आदि कई साहित्यकार आदि उपस्थित रहे।

## रामकथा में गूंजा श्रीराम जन्मोत्सव, बाल स्वरूप के दर्शन से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में सर्व सनातन समाज की ओर से आयोजित नौ दिवसीय रामकथा के चतुर्थ दिवस संत सीताराम महाराज ने प्रभु श्रीराम जन्म का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो गए। विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष जगदेव सांखोलिया ने बताया कि रामोत्सव के तहत यह आयोजन समाज में प्रेम, स्नेह और सौहार्द बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग समाज द्वारा मुख्य यजमानी निभाई जा रही है। रविवार को अग्रवाल सेवा समिति, मां दुर्गा भक्त मंडल और प्रजापति समाज समिति मुख्य यजमान रहे। व्यास पीठ पर पंडित नवीन हरित व पुजारी गोपी इंदौरिया ने विधिवत पूजन-अर्चना कर कथा का शुभारंभ कराया। कथावाचक ने भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का वर्णन करते हुए नारद मोह भंग और श्रीराम जन्म का सुंदर प्रसंग प्रस्तुत किया। श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बधाइयां बांटी। ममता व पंकज सैनी के पुत्र आरुष को राम के बाल स्वरूप में मंच पर प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और नृत्य-गान के साथ खुशी मनाई। इस दौरान खीर का प्रसाद वितरित किया गया। महाराज ने कहा कि श्रीराम जन्म कथा सुनने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। सोमवार को पंचम दिवस पर राम-जानकी विवाह प्रसंग सुनाया जाएगा। इस अवसर पर राधेश्याम पांडुसरिया, गिरधारी लाल बाजोरिया, लक्ष्मीनारायण चंगोईवाल, महावीर खेतान, श्यामसुंदर खेमका, ओम प्रकाश सीमार, गिरीश, नीलम सीमार, वेद प्रकाश बिंयाला, किशन महर्षि, रामचंद्र प्रजापति, पीरूमल भोभरिया, गिरधारी रिणवा, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, विक्की भार्गव, यशोदा शर्मा, सत्यनारायण सेवदा, मुरारी लाल पारीक, उम्मेद मिश्रा, जगदेव सांखोलिया, बद्रीनारायण बंसिया, सुरेश मुरारका, महेंद्र कुमार गार्ड, जयकांत बींवाल, ओम मनोहर स्वामी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुजारी राकेश इंदौरिया ने किया।

## सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव छोटड़िया की श्रीकरणी गोरख गौशाला संस्थान प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन रविवार को हुआ। कथा वाचक भोले बाबा ने कहा कि इस दिव्य ग्रंथ में भगवान श्रीकृष्ण प्रत्यक्ष रूप से विराजमान रहते हैं, जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास पूर्वक नित्य भागवत कथा का श्रवण करता हैं, उसके समस्त संकट व पाप मिट जाते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ज्ञान, भक्ति व वैराग्य की त्रिवेणी है, कथा सुनने से मनुष्य के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। महाराज ने कहा कि जीवन में कभी अभिमान नहीं करना चाहिए, अभिमान व्यक्ति के पतन का कारण होता है। महाराज ने सुदामा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मित्रता में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता। जन्म के साथ सभी रिश्ते हमें मिलते हैं, लेकिन मित्र हम अपनी ईच्छा से बनाते हैं और सच्चा मित्र वही होता है, जो विपरित परिस्थितियों में भी हमारे साथ खड़ा रहे। इस दौरान कृष्ण-रूकमणी की झांकी भी सजाई गई। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान सरस्वती देवी परमेश्वरलाल उपाध्याय ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। संस्थान के अध्यक्ष सागरमल जोशी व सचिव गोपालदान चारण ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व प्रधान अर्जुनसिंह फ्रांसा, आनंद पारीक, गोपालसिंह, पूर्णाराम उपाध्याय, बिजुदान चारण, जेठाराम सुथार, प्रहलाददान चारण, महावीरसिंह, गोविंद शर्मा , आनंद जोशी , बंटी उपाध्याय, रामलाल शर्मा, मंगल ढाका, मनीष कुमार, इंद्रसिंह, मनोज चारण, अनिल चारण, कमलेश मेघवाल, अजयशंकर चारण सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मानव सेवा संस्थान में निःशुल्क अध्ययन प्रवेश प्रारंभ

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मानव सेवा संस्थान में नवीन सत्र 2026-27 के लिए बच्चों को अध्ययन के लिए प्रवेश दिया जाएगा। संस्थान की ओर से निम्न तबके के निराश्रित साधन विहीन बालकों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए निःशुल्क शिक्षा भोजन व आवासीय सुविधा व अन्य आवश्यक सुविधाए उपलब्ध करवाई जा रही है। संस्थान बच्चों के विकास के लिए गुणात्मक शिक्षा पर अत्यधिक जोर दे रही है। कपिल देव माटा ने बताया कि कक्षा 6, 7, 8 में अध्ययनरत बालकों को प्रवेश दिया जाएगा।

## लोगों को दी जल संरक्षण के बारे में जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** विश्व जलदिवस के उपलक्ष में पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने भंवर लाल काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक में शिविर का आयोजन किया और लागों को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम, 1974 के बारे में भी लोगों को बताया गया। इसी प्रकार पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, भूजल प्रबंधन और विनियमन, भारतीय दंड संहिता आदि प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

## शाही लवाजमें से निकाली गणगौर की शोभायात्रा



**मण्डावा(निस)।** पाटोदा ग्राम में गणगौर की भव्य शोभायात्रा शाही लवाजमें में निकाली गई। पूर्व सरपंच एवं एशिया अवार्ड से सम्मानित पद्मश्री रघुवीर सिंह की हवेली से शाही लवाजमें में राजपूत घराने से गणगौर की सवारी निकाली गई। सजे धजे ऊंट घोड़ी व बैंड के साथ हाथों में तलवार लिए और धर्म ध्वजा, सर पर साफा बांधे हुए राजपूत समाज के लोग व महिलाएं जो गणगौर के साथ मंगल गीत गाती हुई चली। इस अवसर पर शिव और पार्वती की पूजा ईशर व गणगौर के रूप में की जाती है गौर की शोभायात्रा हवेली से सात घरों से निकली। ग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए वापस अपने स्थान पहुंची। इस अवसर पर पदमश्री रघुवीर सिंह शेखावत, सुल्तान सिंह , महावीर सिंह, रूप सिंह, हनुमान सिंह, नरपत सिंह शेखावत ,शेर सिंह, करणी ससिंह ,गोविंद सिंह, भवानी सिंह , गिरवर सिंह शेखावत, गणेश सैन, चंद्रपाल सिंह पाटोदा सहित कई लोग शामिल हुए। सनातन सेवा के तहसील अध्यक्ष जुगल किशोर शास्त्री ने बताया कि यह गणगौर दो दशकों से राजपूत घराने से लगातार निकाली जा रही है।

## नाटास में श्रीमद् भागवत कथा का समापन, सुदामा चरित्र ने भाव-विभोर किए श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** नाटास स्थित ठाकुर जी के मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार शाम विधिवत हवन व पूर्णाहुति के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। कथा वाचक सुनील स्वरूपानंद जी महाराज ने समापन दिवस पर सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महाराज ने बताया कि सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु सांदीपनि के आश्रम में एक साथ शिक्षा प्राप्त की थी और दोनों के बीच गहरी मित्रता थी। समय बीतने पर श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बने, जबकि सुदामा निर्धन ब्राह्मण के रूप में जीवन यापन करते रहे। पत्नी के आग्रह पर सुदामा अपने मित्र से मिलने द्वारका पहुंचे, जहां श्रीकृष्ण ने उनका अत्यंत प्रेम और सम्मान के साथ स्वागत किया। उन्होंने सुदामा की ओर से लाए गए चावल को प्रेमपूर्वक ग्रहण किया और उनकी निस्वार्थ भक्ति से प्रसन्न होकर बिना मांगे ही उन्हें अपार धन-संपत्ति प्रदान की। जब सुदामा अपने गांव लौटे तो उनकी झोपड़ी भव्य महल में परिवर्तित हो चुकी थी। कथा के समापन पर हवन का आयोजन किया गया तथा मुख्य यजमान की ओर से महाराज श्री को विधिवत विदाई दी गई। इस अवसर पर सतनारायण केडिया, प्रवीण केडिया, संजय केडिया, किशन केडिया, अजय केडिया, दिलीप झाझड़िया, पवन केडिया, मैना केडिया, मोनिका केडिया, प्रीति केडिया, आशा केडिया, शीतल केडिया, सुमन केडिया, प्रणव केडिया, रतीराम, सतवीर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ईद पर्व स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

### दाऊद लुहार ने दी ईद की पार्टी, दी मुबारकबाद



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के वार्ड 18 निवासी समाज सेवी दाऊद लुहार ने ईद उल फितर के पर्व पर अपने निवास पर रविवार कों स्नेह मिलन कार्यर्ॠ म आयोजित किया जिस पर क्षेत्रवासियों कों ईद पर्व की पार्टी दी। सभी ने आपस में एक दूसरे को ईद पर्व की मुबारकबाद दी। लोगों ने कहा दाऊद का ये सराहनीय पहल है जो समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। इस मौके पर मुस्ताक लुहार, डॉ. सुभाष चारण, डॉ. अमित सिहाग, प्रशासक राकेश शर्मा, वासुदेव शर्मा, मुबारिक लुहार, असलम, राम प्रसाद सहारण, महेन्द्र बुंदेला, बुँदे खाँ लुहार, उस्मान मलिक, सत्य प्रकाश जांगिड़, राजू नायक, ओमप्रकाश हुड्डा, अजीत राठौड़, सुरेन्द्र पूनियाँ, विनोद कस्वां, विकास स्वामी, त्रिशूल भाटी, मुस्तकिम लुहार, कुंदन लुहार, बिलाल लुहार, रामाकान्त शर्मा, धर्मवीर राठौड़, मांगीलाल कुलड़िया सहित क्षेत्र के कई लोग उपस्थित हुए।

## रामनवमी पर्व तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** कस्बे में 26 मार्च को होने वाले राम नवमी जुलूस ओर शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सर्व हितैषी व्यायाम शाला परिसर में पीताम्बर मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ओर गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित की गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, बालकिशन भाटीवाडा, नरेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च को राम नवमी पर्व को लेकर बैठक आयोजित कर उपस्थित कार्यकर्ताओं ओर प्रबुद्ध जनों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने बताया कि सर्व हितैषी व्यायाम शाला द्वारा हर वर्ष शोभायात्रा का कार्यकर्ता किया जाता है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा अखाड़ा परिसर में शुरू होकर सुभाष चौक, मुख्य बाजार, फतेहपुर स्टैंड होते हुए व्यायाम शाला पर सम्पन्न होती है। इस अवसर पर पीताम्बर मिश्रा, रामस्वरूप देवड़ा, परमेश्वर चेजारा, विष्णु दत्त जोशी, नरेश सोनी, नरेश मिश्रा, बालकिशन भाटीवाडा, पंकज पाशुपति शर्मा रविन्द्र शर्मा, कैलाश पीपलवा,चंद्र प्रकाश सेन, सुरेश पालड़ीवाला, संदीप सिंह, जगदीश चौहान,संदीप शर्मा, संत कुमार चौपदार, मधुसूदन स्वामी, आशीष कालोया, अरविंद भूकान, रामस्वरूप जोशी भरत शर्मा, हिमांशु शर्मा, तेजपाल नुवाल, राजेश रणजीरोत, लूना राम सैनी, पंकज शेखावत, विनीत चांवरिया लखन चंदेलिया, सचिन मोजासिया शंकर गोयल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गुर्जर गौड़ ब्रह्मण समाज के बनवारी लाल अध्यक्ष, सुनील जोशी महासचिव निर्वाचित

जयपुर टाइम्स

**बिजोलियाँ(निस)।** गुर्जर गौड़ ब्रह्मण समाज के चुनाव गौतम वाटिका इंद्रा कॉलोनी मे निर्विरोध सम्पन्न हुए। सर्वसम्मति से बनवारी लाल शर्मा को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। साथ ही समाज की कार्यकारिणी भी घोषित की गई जिसमें उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, शांति लाल गुरूजी, मांगीलाल शर्मा, वेदप्रकाश तिवाडी, कोषाध्यक्ष पद पर देवकीनंदन बिल्लू,शिवनारायण तिवारी, महासचिव एडवोकेट सुनील कुमार जोशी, सचिव सुरेश शर्मा, प्रवक्ता कन्हैया लाल शर्मा, आशुतोष शर्मा, पंकज शर्मा। मीडिया प्रभारी मानव तिवारी व गौतम वाटिका प्रमुख अरुण गुरूजी, रमेश शर्मा, शिरीष तिवारी निर्माण कमेटी मे ओम प्रकाश बिलु, महेन्द्र शर्मा, उमाशंकर शर्मा, बनवारी लाल शर्मा (थड़ोदा), कमलेश शर्मा विकास देराश्री, जितेश गुरूजी, उमेश जोशी, विनोद गुरूजी, भोलू व्यास और नवयुवक मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश व्यास व महिला मंडल अध्यक्ष पर चन्द्रकला शर्मा को नियुक्ति प्रदान की गई। साथ ही कार्यकारणी सदस्य गौतम उपाध्याय, प्रभाशंकर शर्मा, मोनू शर्मा, दीपक जोशी, पूरन तिवारी, घनश्याम शर्मा, रामपाल शर्मा, विश्ववेश पांडे, अखिलेश बिलु, प्रकाश शर्मा, मोनू व्यास, किसन त्रिपाठी, कैलाश शर्मा माल का खेड़ा को बनाया गया। विधि सलाहकार ब्रह्म प्रकाश तिवारी, सुमित जोशी, निर्मल जोशी, प्रदीप शर्मा, गौरव शर्मा, सरंक्षक पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरूजी, मोहन लाल जोशी, रमेश गुरूजी, शांति लाल जोशी, भवानी शंकर शर्मा, रमेश गुरूजी, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, शक्ति नारायण शर्मा, लादू लाल देराश्री ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।



## ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अशोक विश्नोई ने जोड़ों के दर्द से जुड़ी समस्याओं पर दिया व्याख्यान

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अशोक विश्नोई ने जालोर में होटल विजय पैराडाइज में रविवार को जोड़ों के दर्द पर तथा अर्थराइटिस से जुड़ी समस्याओं पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ.विश्नोई ने रोबोटिक के जरिए होने वाली सर्जरी के फायदे बताए और लोगों के मन से संशय एवं डर दूर किया। इस जागरुकता प्रोग्राम में सम्मिलित होकर शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त की एवं डॉक्टर से प्रश्न करके अपने समस्याओं का समाधान किया। इस जागरुकता प्रोग्राम में प्रमुख रूप से राजेंद्र भूतड़ा,सपना बजाज,पायल सिद्धावत,अशोक शर्मा, हरबंश सिंह,जयपाल सिंह,राजू चौधरी, दीपक त्रिवेदी,जुगल दवे, मोनू सैयद,आमीर खान, वरुण शर्मा, निशांत शर्मा, विकास सोलंकी,नितिन सोलंकी, रमेश सांखला,महेंद्र पूरी, कल्पेश शर्मा,नीरज शर्मा, भरत जोधवानी, लक्ष्मीकांत दवे, सोनू सोनी, नितेश भटनागर, मनीष व्यास,अशोक गहलोत, जितू सोनी,जितेंद्र जीनगर, खेताराम तथा प्रिंट व इलेक्टॉनिक मीडिया से दिलीप डूडी, दिलीप सिंह,डूंगरसिंह मंडलावत, दिनेश जांगिड़, सोम शर्मा और अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट तरुण सिद्धावत ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।



## विद्या भारती के टेलेंट हंट में 3500 प्रतिभागियों ने लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर विद्या भारती स्कूल ग्रुप की ओर से रविवार को टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में करीब 3500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक केएन भाटी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा को सही दिशा और अवसर मिल जाए तो विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बिना किसी भय के परीक्षा में भाग लेने और अपने आत्मविश्वास को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एके मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा संयोजक रवि स्वामी ने बताया कि इस परीक्षा में लगभग 3500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 51000, 21000 एवं 11000 नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

## विकसित शहर अभियान के तहत होगा वार्ड सभाओं का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के क्रम में नगर पालिका बिजौलियां द्वारा विकसित शहर अभियान 2026 के अंतर्गत नगर क्षेत्र में वार्ड सभाओं का व्यापक एवं चरणबद्ध आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 19 मार्च से 15 मई तक संचालित किया जाएगा। जिसमें नगर के सभी 25 वार्डों को शामिल किया गया है।नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक वार्ड की वास्तविक स्थिति का समग्र आकलन कर नागरिकों की सहभागिता से योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। वार्ड सभाओं के माध्यम से जनसांख्यिकीय स्थिति, आर्थिक गतिविधियों, आधारभूत एवं नगरीय सुविधाओं, सामाजिक व सांस्कृतिक पहलुओं तथा उपलब्ध संसाधनों का विस्तृत सर्वे व विश्लेषण किया जाएगा। इसके आधार पर प्रत्येक वार्ड की वार्ड प्रोफाइल तैयार की जाएगी, जिससे विकास कार्यों की प्राथमिकताओं का वैज्ञानिक एवं सहभागी तरीके से निर्धारण संभव हो सके। यही प्रक्रिया आगे चलकर विकसित बिजौलियां के समग्र एवं दीर्घकालीन मास्टर प्लान की मजबूत आधारशिला बनेगी।नगर पालिका की ओर से कस्बेवासियों से अपने-अपने वार्ड की वार्ड सभाओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपने क्षेत्र की समस्याओं व आवश्यकताओं को प्रस्तुत करने की अपील की गई हैं।

# राजाखेड़ा बालिका विद्यालय भूमि विवादः अतिक्रमण हटाने में खानापूर्ति के आरोप, प्रशासन पर उठे सवाल

### मुख्यमंत्री से लेकर संभागीय आयुक्त तक के आदेश लंबित, कार्रवाई में भेदभाव का आरोप; संघर्ष समिति ने तेज किया आंदोलन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा की करोड़ों रुपए मूल्य की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन पर खानापूर्ति करने और प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई से बचने के आरोप लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 3949 स्थित करीब 13 बीघा भूमि, जिसकी बाजार कीमत 5 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है, पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। आरोप है कि माखन सिंह नामक व्यक्ति ने कथित रूप से कूट रचित तरीके से जमीन के रिकॉर्ड में हेरफेर कर दुकानें और मैरिज होम बनाकर कब्जा कर रखा है।

इस मामले में मुख्यमंत्री स्तर से भी तीन बार अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन धरातल पर कार्रवाई अधूरी ही रही। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने 150 फीट फ्रंट में से केवल दो शटर तोड़कर कार्रवाई का दिखावा किया और फिर वापस नहीं लौटा।

अतिक्रमण हटाओ संघर्ष समिति के संयोजक राम किशोर सिंह दिवाकर ने बताया कि वे कई बार प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संभागीय आयुक्त भरतपुर से मिल चुके हैं। वहां से भी आदेश जारी हुए, लेकिन अब तक अमल नहीं हो सका है।

इधर जिला कलेक्टर निधि बी.टी. इस मामले की लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं और कई बार संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। 9 मार्च 2026 को हुई कार्रवाई में एक गरीब विधवा महिला के मकान को तोड़ दिया गया, जबकि बड़े निर्माणों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भू-माफिया के पुख्ता निर्माण को नहीं तोड़ा गया, जबकि कमजोर वर्ग के लोगों पर कार्रवाई कर प्रशासन वाहवाही लूट रहा है। लोगों ने नोएडा के ट्विन टावर जैसे बड़े अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण का उदाहरण देते हुए सवाल उठाया कि यहां एक मंजिला दुकानों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है।

संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की ओर से उच्च स्तर पर भ्रामक रिपोर्ट भेजी जा रही है, जबकि वास्तविकता में अतिक्रमण अब भी यथावत है। साथ ही विद्यालय की भूमि पर लगे सीमांकन चिन्हों और तारबंदी को भी अतिक्रमणकारियों की ओर से नुकसान पहुंचाया गया है।

हाल ही में शिक्षा विभाग के शासन सचिव के स्तर पर भी इस मामले में सक्रियता दिखी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यालय की एक-एक इंच भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसके तहत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है और तारबंदी के निर्देश भी दिए हैं।

संघर्ष समिति से जुड़े 70 वर्षीय दीवान सिंह ने कहा कि बालिकाओं के हित में इस भूमि को मुक्त कराना आवश्यक है और इसके लिए वे अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे।

हालांकि इस पूरे मामले में तहसीलदार दीप्ति देव और उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा की सक्रियता की सराहना की जा रही है, लेकिन नगर पालिका और विद्यालय प्रशासन की उदासीनता के चलते कार्रवाई में देरी हो रही है। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 'मोदी युग' का स्वर्णिम शिखर- 8,931 दिनों के ऐतिहासिक नेतृत्व पर देश में गर्व की लहर- राठौड़

### मदन राठौड़ बोले- यह जनविश्वास की विराट विजय

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली(निस)।** भारतीय लोकतंत्र ने एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनते हुए नया अध्याय दर्ज किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8,931 दिनों के सतत और प्रभावशाली नेतृत्व ने देश की राजनीति, अर्थव्यवस्था और वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देशभर में गर्व और उत्साह का माहौल है। राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई देते हुए इसे "जनविश्वास की विराट विजय" करार दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक लंबा कार्यकाल नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के अटूट भरोसे, समर्थन और आशाओं का सशक्त प्रतीक है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने शासन को सेवा का माध्यम बनाकर देश में सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नई संस्कृति स्थापित की है। उनके नेतृत्व में भारत ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भरता और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने की यह यात्रा दृढ़ इच्छाशक्ति, अथक परिश्रम और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। आज भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त, निर्णायक और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका है। राठौड़ ने इसे "नए भारत की मजबूत नींव" बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति, नवाचार और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



## मनिया में गणगौर मेले की धूमः 35 झांकियों ने मोहा मन, आज होगा विशाल कुश्ती दंगल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के मनिया कस्बे में शनिवार को पारंपरिक गणगौर मेले का भव्य आयोजन हुआ। धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक इस मेले में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि धौलपुर प्रधान सीता देवी, प्रदीप वोहरा और पंडित रामनिवास शास्त्री ने पूजा-अर्चना कर फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले के दौरान भगवान के 35 स्वरूपों की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्होंने लोगों का मन मोह लिया। कस्बे के युवाओं और महिलाओं ने घरों की छतों से फूल बरसाकर झांकियों का स्वागत किया। बैंड-डीजे की धुनों के साथ झांकियां एमजी रोड, मांगरोल चौराहा, मुख्य बाजार होते हुए अंबेडकर पार्क तक निकाली गईं, जहां समापन हुआ। गणगौर मेले में भजन मंडलियों और जागरण पार्टियों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, वहीं हास्य कलाकार बाबू गप्पी ने लोगों को हंसाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। मेले में झूले, जलेबी और चाट की दुकानों पर दिनभर भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा की दृष्टि से मनिया थाना पुलिस द्वारा माकूल व्यवस्था की गई, जिससे मेले में शांति और व्यवस्था बनी रही। हालांकि, नगरपालिका की ओर से लाइटिंग, सजावट और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं में कमी नजर आई। मांगरोल चौराहे पर नाले का गंदा पानी बहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मेले में हनौता सरपंच प्रताप कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाहा, पिंकी ठाकुर, देवेंद्र कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मेले के दूसरे दिन रविवार (22 मार्च) को दोपहर 1 बजे से विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के पहलवान भाग लेंगे।

खबर का असर

## 55 दिन बाद नगरपालिका का गायब लैपटॉप अलमारी में मिला

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** नगर पालिका राजाखेड़ा से फरवरी के अंत में गायब हुआ लैपटॉप आखिरकार 55 दिन बाद नगरपालिका परिसर में ही बरामदे की अलमारी में रखा मिला। मामले को लेकर प्रशासनिक सख्ती और मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद अचानक लैपटॉप मिलने से पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि लैपटॉप गायब होने के बावजूद नगरपालिका प्रशासन की ओर से एफआईआर दर्ज नहीं कराने का मामला 19 मार्च 2026 को समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। खबर के बाद उपखंड अधिकारी एवं नगरपालिका प्रशासक सुशीला मीणा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बैठक बुलाई। बैठक में अधिशासी अधिकारी विष्णु कुमार परमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि सोमवार तक लैपटॉप नहीं मिला तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं के लिए संबंधित प्रभारी को जिम्मेदार ठहराने की बात भी कही गई। इसी के बाद शक्रवार को नगरपालिका परिसर में कैशियर कक्ष के सामने बरामदे में रखी अलमारी में लैपटॉप मिला। इसकी सूचना कर्मचारी संजय कुमार ने अधिशासी अधिकारी को दी। अधिकारी विष्णु कुमार परमार ने बताया कि लैपटॉप अलमारी में सुरक्षित रखा हुआ मिला है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद शहर में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक सख्ती के चलते ही गायब लैपटॉप वापस रखा गया है। वहीं यह भी सवाल उठ रहे हैं कि बिना एफआईआर के ही मामला कैसे सुलझ गया और छुट्टी के दिन लैपटॉप अलमारी तक कैसे पहुंचा। अब देखने वाली बात यह होगी कि नगरपालिका इस मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करती है या फिर मामला यहीं ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## *जवाईबांध स्टेशन के कायाकल्प की उठी मजबूत आवाज - सुमेरपुर में NWR अधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल की अहम वार्ता*

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** जवाईबांध रेलवे स्टेशन के समग्र विकास को लेकर सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान (रजि.) ने अब जोरदार पहल शुरू कर दी है। संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य परियोजना प्रबंधक केतन शाह से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा और क्षेत्रीय यात्रियों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जवाईबांध स्टेशन वर्तमान में महत्वपूर्ण जंक्शन होते हुए भी आधारभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। प्लेटफॉर्म संख्या 1 व 2 को जोड़ने के लिए सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए (अंडरपास) निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग रखी गई। इसके साथ ही स्टेशन के समीप स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर लगातार लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए (ओवरब्रिज) निर्माण की भी पुरजोर मांग की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती रेल आवाजाही और यात्री संख्या को देखते हुए यह कार्य अत्यंत आवश्यक हो गया है। ज्ञापन में जवाईबांध स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, प्लेटफॉर्म विस्तार, यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग भी शामिल रही। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि इन मांगों के पूरा होने से हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्य परियोजना प्रबंधक केतन शाह ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि संस्थान द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष पोपटलाल जैन, उपाध्यक्ष अंकुर जैन, महासचिव केवलचंद सेन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## ध्यान योग शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**दूदू(निसं)।** कस्बे में स्थित रघुनाथ जी के मंदिर में ध्यान और योग शिविर का आयोजन सपना सोनी जयपुर के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर दिलीप प्रजापत, अमित जोशी, हरकचंद जैन, सुनील धाभाई, मनफूल प्रजापत,मधुसूदन दाधीच, मधुसूदन पारीक उपस्थित रहे। अमित जोशी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को दूदू में इस तरह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ध्यान और योग से आध्यात्मिक और शारीरिक व्यक्ति की कैसे उन्नति हो इसके बारे में भी व्याख्यान दिया जाएगा।



मालेरा की राह होगी आसान

## 20 लाख रुपए सड़क के लिए स्वीकृत होने पर पूर्व विधायक शर्मा का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**मानपुरा माचेड़ी/जयपुर(निस)।** ग्राम पंचायत जाटावाली के राजस्व ग्राम मालेरा के ग्रामीणों को जल्द ही टूटी सड़कों और गड्ढों से निजात मिलने वाली है। जाटावाली मोड़ चौकी से मालेरा तक की जर्जर सड़क के नवीनीकरण के लिए 20 लाख की राशि स्वीकृत होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक व भाजपा मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा का साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर भव्य अभिनंदन किया। भाजपा जयपुर उत्तर देहात के कार्यालय सह-प्रभारी एवं जमवारामगढ़ प्रभारी प्रकाश हाटवाल ने बताया कि जाटावाली मोड़ से मालेरा तक की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही थी और आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता था।



ग्रामीणों की इस पीड़ा को देखते हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से आग्रह किया गया था। शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया और 20 लाख के बजट की स्वीकृति जारी करवाई। सड़क नवीनीकरण की घोषणा से गांव में उत्साह का माहौल है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रहलाद मीणा, जगलाल मीणा, बाबूलाल मीणा, नांछू राम, छीतर मल, छाजू राम, दौलत मीणा, महेंद्र जाट, सूर्य प्रकाश जांगिड़, चंद्र प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के दौरे से सांभर को बड़ी घोषणाओं की उम्मीद, फिल्म सिटी बनाने की मांग प्रमुख

जयपुर टाइम्स

**सांभर/ फुलेरा(निस)।।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार चैत्र शुक्ल पंचमी के दिन सांभर की समराय माता शाकंभरी राजरानी के दर्शन करने पधार रहे हैं। उनके इस प्रस्तावित दौरे को लेकर पूरे सांभर अंचल में उत्सुकता का माहौल है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि मातेश्वरी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद मुख्यमंत्री सांभर के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकते हैं। इस समय सांभर अंचल की उनसे पांच प्रमुख अपेक्षाएं हैं, जिनके पूरा होने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल सकती है। सांभर अंचल की पहली और सबसे पुरानी अपेक्षा



सांभर को जिला मुख्यालय का दर्जा देने की है, जिसकी मांग आजादी के समय से लगातार उठती रही है। उल्लेखनीय है कि आजादी से पहले ब्रिटिश शासन तथा जयपुर व जोधपुर रियासत काल में सांभर जिला मुख्यालय रहा है, लेकिन आजादी के बाद यह गौरव समाप्त हो गया। अनेक मुख्यमंत्री आए और गए, लेकिन अब तक इस मांग पर कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया। वर्तमान में जनगणना कार्य के चलते नए जिलों की घोषणा संभव नहीं है, लेकिन जनगणना पूर्ण होने के बाद सांभर को जिला बनाने का आश्वासन दिया जाना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हो सकता है।

दूसरी प्रमुख अपेक्षा सांभर को फिल्म सिटी घोषित करने की है। सांभर लंबे समय से फिल्म शूटिंग का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। वर्ष 1994 में राजस्थानी फिल्म 'राधू की लक्ष्मी' से यहां फिल्म शूटिंग का सिलसिला शुरू हुआ था। इसके बाद अब तक सौ से अधिक फिल्मों, वेब सीरीज, शॉर्ट फिल्मों और विज्ञापन फिल्मों की शूटिंग यहां हो चुकी है। प्री-वेडिंग शूटिंग के लिए भी यह स्थान लोकप्रिय बन चुका है। यदि सांभर को आधिकारिक रूप से फिल्म सिटी का दर्जा दिया जाए तथा फिल्म शूटिंग के लिए शुल्क में छूट दी जाए, तो यह क्षेत्र 'मिनी मुंबई' के रूप में विकसित हो सकता है और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक विकास की दृष्टि से भी सांभर में कई संभावनाएं मौजूद हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यहां यूनिवर्सिटी टाउनशिप, केमिकल क्लस्टर तथा आयुर्वेदिक एम्स जैसी परियोजनाएं स्थापित होने से क्षेत्र का आर्थिक स्वरूप पूरी तरह बदल सकता है। नमक उद्योग की ऐतिहासिक पहचान के कारण केमिकल उद्योग के लिए यहां पर्याप्त संभावनाएं हैं। यदि इन योजनाओं को स्वीकृति मिलती है, तो सांभर एक बार फिर प्रदेश के महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र के रूप में उभर सकता है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि हार्ट, न्यूरो और दुर्घटना जैसे गंभीर मामलों में मरीजों को जयपुर रेफर करने की आवश्यकता न पड़े और सांभर में ही सभी प्रमुख चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर सांभर अंचल की जनता में विशेष उत्साह है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मुख्यमंत्री क्षेत्र की इन प्रमुख मांगों को कितना महत्व देते हैं और सांभर के विकास के लिए कौन-सी नई सौगात देकर जाते हैं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स



## दुर्ग पर भगवा ध्वज फहराकर रैली का किया पोस्टर विमोचन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर में प्रस्तावित भगवा रैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को लक्ष्मणगढ़ दुर्ग पर भगवा ध्वज फहराकर रैली के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल नजर आया।भगवा रैली संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि शहर में शीघ्र ही विशाल भगवा रैली निकाली जाएगी। रैली की तैयारियों के तहत विभिन्न वार्डों में संयोजकों की नियुक्ति की जा रही है। वार्ड संख्या 26 व 27 के लिए राहुल कुमावत व रवि कुमावत को संयोजक बनाया गया।कार्यक्रम में पवन गोयनका, जयप्रकाश सरावगी, गिरधारीलाल जाजोदिया, शहर भाजपा अध्यक्ष ललित पंवार, रमेश सोनी, सुरेश बीबीपुरिया, राजेश जोशी, कमल सुरोलिया, पार्षद मुकेश सैनी, भगवा रक्षा वाहिनी के उपाध्यक्ष ताराचंद ठेकेदार, महामंत्री अमित कुमार जोशी, नवीन वोचीवाल, विनीत सोनी, योगेश गोयनका सहित वार्ड 32 के संयोजक विकास सैनी, गौरव सैनी, विक्रम सैनी, हेमंत सैनी, आलोक बिजारणिया, मोहित ओझा, हिमांशु सैनी, शंभू सैनी, कृष्ण सैनी, मयंक सैनी, सुमित शर्मा, अनिल सैनी, पवन बिजारणिया, अंकित सुरोलिया, महेश कुमार सेन, राकेश सेन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकली गणगौर की शाही सवारी, मेले में उमड़ी भारी भीड़



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के गांधी चौक स्थित गढ़ परिसर से रविवार को गाजे-बाजों और शाही लवाजमे के साथ गणगौर की भव्य सवारी निकाली गई। सवारी गांधी चौक से मंडी बाजार होते हुए गणगौरी चौक पहुँची, जहां दूसरे दिन भी मेला आयोजित किया गया। गणगौरी चौक पर ईशर और गौर को कुएँ के फेरे दिलाए गए। इस दौरान पंडित चन्द्र शेखर दाधीच ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। सवारी और मेले को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, खासकर महिलाओं और युवतियों ने अपनी-अपनी गणगौर को साथ लाकर फेरे दिलवाए और सुख-समृद्धि व अखंड सौभाग्य की कामना की। मेले में खाने-पीने और खिलौनों की आकर्षक दुकानें सजीं, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की और उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर गढ़ के राजा किशनराज सिंह बीदावत, राजकुमार सिंह, कुँवर लक्ष्य प्रताप सिंह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव सहित बाबुलाल दूगड़, दानमल बांठिया, जगदीश सोनी और जवाहर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## तारां छाई रात में आकर्षक प्रस्तुतियों ने किया लोक संस्कृति को साकार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय सब्जी मंडी में गणगौर पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणगौर चौक मेला कमेटी की ओर से तारां छाई रात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध गायक कलाकार बुदू खां ने एक से बढ़कर एक शानदार गीतों की प्रस्तुतियां देकर लोक संस्कृति को साकार कर उपस्थित जन को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान तबले पर रमजान खान, ढ़ोलक पर इलियास खान और सैक्सोफोन पर रसीद ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक डटे रहे। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार इंतजार, उमेश दाधीच, रमेश पारीक, विपिन दाधीच ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट पवन शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद बाजोरिया थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवकुमार गोयनका, हनुमान आदित्य, राजेंद्र सिंघी व एडवोकेट हनुमान स्वामी थे। उमेश व्यास, गोवर्धन शर्मा, प्रकाश देव शर्मा, लाबू होलोनी, बजरंग जालान, सुशील पीपलवा आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट पवन कुमार शर्मा, विजय कुमार सारस्वत, गोपाल कुदाल, संजय सैनी, गोपी गुसाई, मुकेश झिकनाडिया, राजेश सिंघी ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार चौबे, महेश हारित, पंकज ओझा, गुरदास भारती, नारायण शर्मा सहित अनेक संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## रामनवमी के बहाने मण्डावा में पुनः होगा शक्ति प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** 26 मार्च को मण्डावा में रामनवमी के बहाने पुनः शक्ति प्रदर्शन होगा। गत वर्ष भी मण्डावा में रामनवमी पर्व पर दो शोभा यात्रा निकली थी और इस बार भी दो शोभा यात्रा निकाली जाएगी ह्न एक में अधिकांश कांग्रेस विचारधारा के लोगों का वर्चस्व होगा तो दूसरी में बीजेपी के लोगों का जमावड़ा रहेगा। इस कार्यक्रम को आगामी निकाय चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है । उल्लेखनीय है कि श्री सर्वहितेषी व्यायामशाला की ओर से रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान श्री रामचन्द्र जी की भव्य शोभा यात्रा 26 मार्च को शाम चार बजे अखाड़ा मन्दिर से प्रारम्भ होगी जो सुभाष चौक होते हुए अखाड़ा मन्दिर में पहुंचेगी । वहीं श्री राम सेवा समिति , मण्डावा के तत्वावधान में आयोजित रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित जाल वाले बालाजी मन्दिर से प्रारम्भ होकर सुभाष चौक, मुख्य बाजार होते हुए खालासी मार्ग स्थित श्रीराम मन्दिर में पहुंचेगी।

### चांद चढ्यो गिगनार, किरत्यां ढ़ळ आयी आधी रात...

# मरुधरा की महक में रंगा चूरू, राजस्थानी लोकगीतों से भरी सांझ के साथ चूरू महोत्सव का समापन

### लोकगीतों पर झूमें शहरवासी

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** चांद चढ्यो गिगनार, किरत्यां ढ़ळ आयी आधी रात.......,नखराळों देवरियो भाभी पर जादू कर ग्यो, मेहंदी रची म्हारा हाथां में, घुळ रहयो काजळ आंख्यां में, चुनड़ी को रंग सुरंगों म्हारा सायब जी......की आकर्षक प्रस्तुतियों ने चूरू की धरती पर एक बार फिर लोक संस्कृति को साकार कर दिया। अवसर था शनिवार शाम को बागला स्कूल खेल मैदान में चल रहे चूरू महोत्सव-2026 के समापन पर मरू कोकिला सीमा मिश्रा की आकर्षक प्रस्तुतियों का। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम सहित अधिकारी जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। मरू कोकिला सीमा मिश्रा ने केसरिया बालम, आओ नी, पधारो म्हारे देश की गूंज के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया और मेहंदी, पूरब की नौकरी, पीपली, पिऊ-पिऊ बोले मोरियो..जैसे राजस्थानी गीतों से राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सजीव कर दिया। जैसे ही मंच पर मरु कोकिला सीमा मिश्रा ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरना शुरू किया, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। चूरू महोत्सव की इस सांस्कृतिक शाम में सीमा मिश्रा, अभिषेक मिश्रा व दीपक की सुरमयी प्रस्तुतियों ने राजस्थान की लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। लोकप्रिय लोकगीतों की प्रस्तुति पर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी लोकधुनों पर झूमते नजर आए और वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस दौरान पूर्व उप जिला प्रमुख महेंद्र न्योल, पूर्व सभापति विजय शर्मा, पूर्व प्रधान संजय कस्वां, फतेहचंद सोती, विमला गढ़वाल, एसडीएम सुनील कुमार, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, मुकुल भाटी, सीपी शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर पारीक ने किया।

### चंग पर धमाल गाकर वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन

## बसंत पंचमी से शुरू चंग धमाल गणगौर के साथ समापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन शुरू हुआ फागोत्सव गणगौर पर्व की रात्रि को समापन हो गया। तहसील क्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के दिन से चंग कि थाप पर धमाल गानी शुरू हो गई। बसंत पंचमी से होलिका दहन के दिन तक प्रतिदिन रसिये चंग बजाते हैं और धमाल गाते हुए नजर आते हैं। धुलण्डी के दिन चंग बजाने का सिलसिला रुक जाता है और गणगौर की रात्रि को एक बार फिर चंग बजाकर धमाल गाए जाते हैं। बीरबल सैनी ने बताया कि राजस्थान में एक कहावत है की "तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर" इसका अर्थ यह है कि आखा तीज के दिन से राजस्थान में त्यौहार शुरू होते हैं और गणगौर के बाद आखातीज तक कोई त्यौहार राजस्थान में नहीं मनाया जाता। गणगौर के दिन देर रात्रि तक रसिये चंग की थाप पर धमाल गाते हैं और यहां के पुरुष भी गणगौर पर्व का चंग बजाकर जमकर लुफ्त उठाते हैं। इसी कड़ी में सरदारशहर में भी जगह-जगह रात्रि को रसिये चंग की थाप पर धमाल गाते हुए दिखाई दिए जो अलसुबह तक गाते रहे। सरदारशहर के वार्ड 18 में न्यू पान पैलेस चंग मंडली द्वारा भी गणगौर पर्व के साथ ही चंग बजाने की परंपरा का समापन किया। इस अवसर पर बीरबल सैनी ने बताया कि राजस्थान में यूं तो होलिका दहन तक चंग बजाए जाते हैं। लेकिन सरदारशहर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार गणगौर की रात्रि को चंग बजाने की परंपरा को हम आज भी निभाते हैं। उन्होंने बताया कि हम सब गणगौर के दिन का बड़ी उत्साह के साथ इंतजार करते हैं और गणगौर की रात्रि को सुबह तक चंग बजाकर धमाल गाते हैं। इस अवसर पर माणकचन्द सैनी, महावीर प्रसाद गढ़वाल, सुरेन्द्र कुमार पापटान, लालचंद जांगिड़, प्रकाश सोनी, बाबुसिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बीदासर थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

### फरियादियों की सुनवाई और नशे-जुए पर सख्ती के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने रविवार को बीदासर पुलिस थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, मैस और पुलिसकर्मियों के क्वार्टर का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने पुलिसकर्मियों से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर जानकारी ली और निर्देशित किया कि थाने में आने वाले हर फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उसका समय पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि थाने में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशे और जुएं से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि देश की तरक्की में युवाओं की अहम भूमिका है। यदि क्षेत्र में कहीं भी नशे या जुएं का कारोबार होता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, सूचनाकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा होली की रात होटल में हुई फायरिंग की घटना का जिक्र करते हुए एसपी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस मौके पर एडिशनल एसपी दिनेश कुमार, सीओ नेमीचंद चौधरी, थानाधिकारी दिलीप सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस की अवैध डोडा पोस्त पर कार्रवाई

## 14 लाख रुपए के डोडा पोस्त के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में पुलिस अवैध डोडा पोस्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 94 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित एक टेंकर गाड़ी सहित पंजाब निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद एम आईपीएस ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिये अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक चूरू सुनिल कुमार आरपीएस के निर्देशन व पुलिस उप अधीक्षक सरदारशहर कुलदीप वालिया आरपीएस के सुपर विजन में थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई पुनि. के नेतृत्व में रामफुल उनि मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये सरदारशहर-रतनगढ मेगा हाईवे नजद बंद मुर्गा फार्म हाउस रोही मांगासर में दौराने नाकाबन्दी टीम ने डोडा पोस्त की तस्करी कर रहा तस्कर रजीत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जाति जट सीख उम्र 32 साल निवासी रटोर रोही पुलिस थाना जीरा जिला फीरोजपुर पंजाब एवं आकाश दीप सिंह पुत्र सरबजीत सिंह जाति जट मजबी सिख उम्र 29 साल निवासी नारली पुलिस थाना खालड जिला तरनतारन पंजाब को गिरफ्तार कर तस्करी में काम लिया गया वाहन केंटर सहित अवैध डोडा पोस्त चूरा 94 किलोग्राम जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रूपये है को जब्त किया जाकर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजिबद्ध किया जाकर अनुसंधान शुरू किया गया। कार्रवाई में जयप्रकाश पुनि. मय जिला स्पेशल टीम चूरू, रामफूल उनि, कानि. अनिल सैनी, शिवलाल, कुनणमल आदि ने कार्रवाई की।

### खालासी के सुरेंद्र सिंह राठौड़ की जोरदार वापसी- प्रशासन में नई हलचल

## अनुभव और भरोसे की जीत- झुंझुनूं के राठौड़ ने संभाली जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** राजस्थान प्रशासनिक गलियारों में खालासी निवासी सुरेंद्र सिंह राठौड़ का नाम फिर से सुर्खियों में है। उन्होंने पुनः सीईओ एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर, बायोफ्यूल अथॉरिटी और संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार के पदों पर कार्यभार संभाल लिया है। आपको बता दे कि पूर्व में उनके निलंबन को राजनीतिक और प्रशासनिक कारणों से जोड़ा गया था, लेकिन अब उनकी वापसी ने प्रशासनिक और स्थानीय स्तर पर चर्चा को तेज कर दिया है। यह घटना यह स्पष्ट करती है कि अनुभव, प्रशासनिक समझ और काबिलियत किसी भी चुनौती में सबसे बड़ा आधार होते हैं। क्षेत्रवासियों और समर्थकों में उनकी वापसी को लेकर खुशी और गर्व का माहौल है। लोग कह रहे हैं, "राजनीति के उतार-चढ़ाव के बीच, अंततः अनुभव और काबिलियत ही सफलता दिलाती है।" उनकी यह पुनः नियुक्ति प्रशासनिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि ऐसा दुर्लभ ही देखने को मिलता है कि कोई अधिकारी निलंबन के बाद समान पद और जिम्मेदारी फिर से संभाले। सुरेंद्र सिंह राठौड़ की यह वापसी केवल प्रशासनिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों और सरकारी कामकाज में नई सक्रियता और विश्वास की लहर भी लेकर आई है। उनकी प्रतिबद्धता और क्षेत्र सेवा की भावना ने इस कमबैक को और भी प्रेरणादायक बना दिया है। उल्लेखनीय है कि वे झुंझुनूं जिले के खालासी निवासी हैं

# नर सेवा ही नारायण सेवा हैः राजेंद्र राठौड़

### दिव्यांगों को किए सहायक अंग उपकरण वितरित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** अग्रसेन नगर स्थित सामुदायिक भवन में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर, सेवा समर्पण फाउंडेशन व अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय विशाल निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सचिव भूपेन्द्र राज मेहता, सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, विक्रम सिंह कोटवाद, विकी टीकीवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया व भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाना हम सब का दायित्व है। राठौड़ ने कहा कि नरेंद्र सैनी के नेतृत्व में सेवा समर्पण फाउंडेशन व श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। इससे जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम अंग उपकरण आसानी से मिलेंगे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सामाजिक सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हर व्यक्ति के मन में सेवा का भाव होना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी ने स्वागत भाषण में कहा कि दिव्यांग भाई-बहनों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। ऐसे शिविरों के माध्यम से अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। श्री भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के सचिव भूपेन्द्र राज मेहता ने बताया कि समिति के माध्यम से 1975 से 51 वर्षों में लगभग 02 लाख 50 हजार दिव्यांग लाभान्वित हो चुके हैं। इस अवसर पर सज्जन लाटा ने मंगलाचरण से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सोहनलाल दाधीच, हुक्मचन्द गौड़ व राजेन्द्र शर्मा ने रजिस्ट्रेशन में सहयोग किया। किशोर न्याय बोर्ड सदस्य ताराचंद सैनी, करणी सेना जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह शेखावत, मनीष सैनी, गोपीचंद तंवर, भंवरलाल गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान, होलसेल भंडार अध्यक्ष मोहन लाल गढ़वाल, क्षेत्रपाल बालाजी सेवा समिति चूरू के मनीष स्वामी, अनिल सैनी, सुरेन्द्र सैनी, रामस्वरूप शर्मा, विमल भटनागर, सुरेश शर्मा, डीके सैनी, गोपीचंद तंवर आदि ने मंचस्थ अतिथियों का अभिनंदन किया। शिविर के प्रथम दिन 150 दिव्यांगजनों को 26 ट्राई साइकिल, 10 व्हील चेयर, 21 कान की मशीन, 11 बैसाखीयां, 3 वॉकर, 8 कैलीपर व 30 कृत्रिम हाथ व पैर वितरित किए गए। इस अवसर पर ओमप्रकाश तंवर, भंवर लाल सैनी, केके शर्मा, महावीर सिंह खारिया, रामावतार शर्मा, जगदीश दाधीच, राजेन्द्र सैनी, गजेन्द्र महर्षि, देवकीनंदन, मनमोहन महर्षि, महावीर स्वामी, जगदीश चोटिया, सोमेश शर्मा, जुगल किशोर कम्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।